RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




पेज 7 काजोल से अपनी तुलना को लेकर...

वर्ष : 26 | अंक : 166 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 07 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# गठबंधन के अग्निपथ पर नरेन्द्र मोदी

## संसदीय दल के नेता चुने गये, संविधान को किया नमन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा पूर्ण बहुमत से चूक गई। हालांकि एनडीए ने कुल 293 सीटें हासिल करके 272 सीटों (बहुमत) का आंकड़ा प्राप्त किया है। आज एनडीए की पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में बैठक हुई। इस बैठक में नरेन्द्र मोदी को संसदीय दल का नेता सर्वसम्मति से चुना गया। भाजपा व एनडीए के अन्य घटक दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से देश की तस्वीर पूरी दुनिया में बदल चुकी है। संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद नरेन्द्र मोदी आज सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे और 9 जून 2024 रविवार को शाम 6 बजे राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू नरेन्द्र मोदी तथा उनके मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।

आज सविंधान सदन (पुरानी संसद) के सेंट्रल हॉल में एनडीए के संसदीय दल की बैठक हुई। एनडीए के सहयोगी दलों के पार्टी प्रमुखों का भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद जोशी ने स्वागत किया। इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान, अनुप्रिया पटेल, एस. कुमार स्वामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंद, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय सहित विभिन्न राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री व जीते हुए सांसद तथा एनडीए के अन्य दलों के पार्टी प्रमुख शामिल हुए।







संसदीय दल की बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संसदीय दल के नेता के लिए नरेन्द्र मोदी का नाम रखा। उन्होंने कहा कि नेता के लिए मोदी का नाम उपयुक्त है। मोदी के नेतृत्व में एनडीए के परिवार में बढ़ोत्तरी हुई है। राजनाथ सिंह के इस प्रस्ताव का रक्षामंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एस.कुमार स्वामी, चंद्रबाबू नायडू, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अनुमोदन किया। प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार से आंध्र प्रदेश में फायदा हुआ है। उनके नेतृत्व पर हमें पूरा भरोसा है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वह नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना पूरा समर्थन देते हैं। उन्होंने देश की सेवा की है। पिछले 10 साल से वह प्रधानमंत्री हैं और उन्हें उम्मीद है कि अबकी बार जो कसर रह गयी है उसे वह पूरा कर देंगे और इधर-उधर जो जीते हैं अगली बार हार जाएंगे।

# आंधी में गिरी निर्माणाधीन दीवार, दबकर 1 की मौत



**नोएडा (चेतना मंच)।** कोतवाली सेक्टर-63 क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में बृहस्पतिवार देर रात आई आंधी में निर्माणाधीन घर की दीवार गिर गई। इस हादसे में दो लोग दब गए। जिनमें से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे व्यक्ति का उपचार चल रहा है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि चोटपुर कॉलोनी में यादराम मार्केट के पास चोटपुर कॉलोनी में यादराम मार्केट के पास पांच मंजिला घर का निर्माण कराया जा रहा है।

गुरुवार देर रात आई आंधी में उस घर की निर्माणाधीन दीवार पड़ोस के घर में गिर गई। दीवार गिरने से दो व्यक्ति मलबे में दबकर घायल हो गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नेपाली कुक की संदिग्ध मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा- दो क्षेत्र मे रहने वाले एक नैपाली व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीटा-2 पुलिस को सूचना मिली कि एच्छर गांव में रहने वाले दीपक रावत पुत्र कृष्णा रावत निवासी नेपाल कि उसके घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि अल्फा कमर्शियल बेल्ट में स्थित एक रेस्टोरेंट में वह कुक के रूप में काम करता था। मृतक के परिजनों के अनुसार वह हृदय रोग से ग्रसित थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# धरातल पर उतरने को तैयार आधा दर्जन योजनाएं!

**नोएडा (चेतना मंच)।** चुनाव आदर्श आचार संहिता हटते ही नोएडा प्राधिकरण की फइलों में बंद कई महत्वपूर्ण योजनाओं को अब धरातल पर उतारने की तैयारी चल रही है। उम्मीद है कि जून के अंत तक सभी परियोजनाएं शुरू हो जाएंगी।

प्राधिकरण के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जून के अंत तक उद्यान विभाग की ग्लास हाउस, क्लॉक टावर, जापानी परगोडा, मंडपम इत्यादि के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। इन परियोजनाओं का डिजाइन तैयार कर प्रस्तुतीकरण किया जा चुका है। इसके अलावा सोरखा में पुष्करणी

नौएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

तालाब का निर्माण करीब 13 करोड़ में किया जाएगा। इस बजट पर सीईओ की मुहर लगना बाकी है। जल्द ही फाइल प्रस्तुत की जाएगी। नोएडा के उद्योग मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसकी एनआईटी को स्वीकृत कर लिया गया है। जल्द ही कंपनी का चयन किया जाएगा।

वहीं दो महत्वपूर्ण अंडरपास जिसमें एक्सप्रेस-वे पर चैनेज 16.900 पर और 6.100 चैनज पर दो अंडरपास का निर्माण होना है। इनका डिजाइन तैयार है। जल्द की कंपनी निर्माण कंपनी का चयन किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### अगले सप्ताह होगी बोर्ड बैठक!


नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आगामी सप्ताह हो सकती है। इस बजट में सिविल, इलेक्ट्रिकल एंड मेंटेनेंस, हार्टिकल्चर, जमीन अधिग्रहण, न्यू नोएडा, जन स्वास्थ्य विभाग को शामिल किया गया है। नोएडा के विकास के लिए हर साल वित्तीय बजट पास किया जाता है। विगत वर्ष 2023-24 में 6920 करोड़ का बजट पास किया गया था। वहीं 2022-23 में 4880.62 करोड़ का बजट था। इस बार सिविल यानी विकास कार्य पर करीब 1000 करोड़ , उद्यान पर 100 करोड़ , इलेक्ट्रिकल एंड मैनटेनेंस पर 300 करोड़ जल पर 150 करोड़ रुपए का बजट तय किया जा रहा है। इसके अलावा लैंड बैंक के लिए 1500 करोड़ और डीएनजीआईआर के लिए बजट का प्रावधान किया गया है।


## बिजली के खंभे में करंट आने से बच्चे की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा में बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बिजली के खंभे में करंट आने से (7 वर्षीय) बच्चे को करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सफीक पुत्र यमन निवासी कस्बा रबूपुरा ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका बेटा तैमूर (7 वर्ष) मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। तभी मोहल्ले में लगे एक बिजली के लोहे के खम्भे में करंट उतर आया। उसका बेटा खेलते हुए खंबे के पास गया तथा खम्भे में आए करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से उसके बेटे की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित और आसपास के लोगों का आरोप है कि बिजली के खंभे पर करंट उतरने की शिकायत पहले भी आती रही है। इसकी कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर बिजली विभाग के अज्ञात अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बहुमत का आंकडा

नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन सकते हैं। भाजपा न केवल लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, बल्कि 291 सांसदों वाले एनडीए का सदन में स्पष्ट बहुमत भी है। बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 है। नियम और परंपरा के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबसे पहले भाजपा-एनडीए के नेता मोदी को, सरकार बनाने के लिए, आमंत्रित करेंगी। भाजपा और मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने को तैयार हैं। यह भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोषित भी किया है, लेकिन इस बार मोदी एक 'मिथक' और निरंकुश भाव से काम करने वाले नेता साबित नहीं हो सकेंगे। चूंकि जनादेश कमजोर और गठबंधन का है, लिहाजा इस बार तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल-यू सरीखे सहयोगियों की सलाह और पूछ भी अनिवार्य होगी। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू केंद्र में संयुक्त मोर्चा सरकारों और भाजपा की वाजपेयी सरकार के दौरान संयोजक और सहयोगी रह चुके हैं। वह बार-बार सरकारों को बाध्य करते थे और अपनी मांगें मनवाने की जिद करते थे। अंततः उन्होंने एनडीए छोड़ने का फैसला किया, नतीजतन सरकार कमजोर हुई। बेशक उस दौर की तुलना में अब भाजपा सांसदों की संख्या काफी है, लेकिन स्पष्ट बहुमत से 30 सांसद कम हैं। लिहाजा सहयोगी दलों के समर्थन के बिना मोदी सरकार भी अस्थिर रहेगी। यह जनादेश 2014 और 2019 से बिल्कुल भिन्न है। प्रधानमंत्री मोदी 10 साला कार्यकाल के दौरान लगभग निरंकुश होकर फैसले लेते रहे। प्रधानमंत्री दफ्तर भी उसी तर्ज पर काम करता रहा। अब यह गठबंधन की सरकार होगी, लिहाजा प्रधानमंत्री को समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, कुछ आर्थिक सुधार, एनसीआर सरीखे मुद्दों पर फिलहाल विराम लगाना पड़ेगा अथवा टीडीपी और जद-यू की सहमति सरकार के लिए बाध्यकारी होगी। इस बार विपक्ष भी ताकतवर होगा। उनका नेता प्रतिपक्ष भी होगा, लिहाजा मुद्दों और विधेयकों पर विपक्ष की सहमति को भी टाला नहीं जा सकेगा। इस बार मोदी सरकार के लिए कोई भी संविधान संशोधन बिल पारित कराना आसान नहीं होगा, क्योंकि बहुमत नहीं है। कांग्रेस के 99 और सपा के 37 सांसद चुनकर लोकसभा में आ रहे हैं। 'इंडिया' की कुल ताकत पर्याप्त है। पीएमओ पर भी गठबंधन के सहयोगियों की 'निगाह' बराबर बनी रहेगी। फिलहाल नायडू और नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर समर्थन और गठबंधन की गारंटी दी है, लेकिन उन दोनों के अतीत का इतिहास संदिग्ध रहा है। उससे उन्होंने सबक भी सीखा होगा! दोनों दल लोकसभा में स्पीकर का पद चाहते हैं। वाजपेयी सरकार के दौरान टीडीपी के बालयोगी स्पीकर होते थे। बहरहाल अभी तो मोदी सरकार को शपथ ग्रहण करनी है। इस बार 23.43 करोड़ मतदाताओं ने मोदी के नेतृत्व को वोट दिए हैं। यकीनन यह विश्व कीर्तिमान है, क्योंकि एक ही व्यक्ति के नाम इतने वोट नहीं डाले गए। फिर भी भाजपा को आत्ममंथन करना है कि जनादेश की दशा और दिशा एकदम कैसे बदल गई? वाराणसी सीट पर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी 4 लाख से अधिक वोट से जीते थे, लेकिन इस बार यह फासला 1.5 लाख ही रह गया। ये वोट कम क्यों हुए? क्या दलित, ओबीसी, युवा मतदाता भाजपा से विमुख हुए हैं, लिहाजा समीकरण पलट गए हैं? ऐसे विश्लेषण सामने आए हैं कि ओबीसी, दलित, मुसलमान के अतिरिक्त वोट सपा और कांग्रेस के पक्ष में गए, नतीजतन उप्र के तमाम समीकरण पलट गए और भाजपा पराजित-सी हो गई। बसपा को मात्र 9 फीसदी वोट मिले और वह एक भी सीट जीत नहीं पाई, इससे भी सपा और कांग्रेस को फायदा हुआ। अयोध्या का राम मंदिर चुनावी मुद्दा नहीं बन सका। बंगाल में जनता का भरोसा अब भी 'दीदी' पर ही है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की 'शिवसेना' और अजित पवार की एनसीपी भाजपा पर बोझ ही साबित हुईं, लिहाजा नुकसान भाजपा को ही हुआ।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि चौरासी लाख योनियों में चार प्रकार के (स्वेदज, अण्डज, उद्भिज्ज, जरायुज) जीव जल, पृथ्वी और आकाश में रहते हैं, उन सबसे भरे हुए इस सारे जगत को श्री सीताराममय जानकर मैं दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूँ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तुलसीदासजी की दीनता और राम भक्तिमयी कविता की महिमा**

**जानि कृपाकर किंकर मोहू। सब मिलि करहु छाड़ि छल छोहू॥**

**निज बुधि बल भरोस मोहि नाहीं। तातें बिनय करउँ सब पाहीं॥**

मुझको अपना दास जानकर कृपा की खान आप सब लोग मिलकर छल छोड़कर कृपा कीजिए। मुझे अपने बुद्धि-बल का भरोसा नहीं है, इसीलिए मैं सबसे विनती करता हूँ॥

**करन चहउँ रघुपति गुन गाहा। लघु मति मोरि चरित अवगाहा॥**

**सूझ न एकउ अंग उपाऊ। मन मति रंक मनोरथ राउ॥**

मैं श्री रघुनाथजी के गुणों का वर्णन करना चाहता हूँ, परन्तु मेरी बुद्धि छोटी है और श्री रामजी का चरित्र अथाह है। इसके लिए मुझे उपाय का एक भी अंग अर्थात कुछ (लेशमात्र) भी उपाय नहीं सूझता। मेरे मन और बुद्धि कंगाल हैं, किन्तु मनोरथ राजा है॥

**मति अति नीच ऊँचि रुचि आछी। चहिअ अमिअ जग जुरइ न छाछी॥**

**छमिहहिं सज्जन मोरि ढिठाई। सुनिहहिं बालबचन मन लाई॥**

मेरी बुद्धि तो अत्यन्त नीची है और चाह बड़ी ऊँची है, चाह तो अमृत पाने की है, पर जगत में जुड़ती छाछ भी नहीं। सज्जन मेरी ढिठाई को क्षमा करेंगे और मेरे बाल वचनों को मन लगाकर (प्रेमपूर्वक) सुनेंगे॥

(क्रमशः..)

# मायावती मदद नहीं करतीं तो मोदी का प्रधानमंत्री बनना मुश्किल हो जाता

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती एक समय उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाती थीं लेकिन समय ने ऐसी करवट बदली कि अब बसपा सिर्फ वोट कटवा पार्टी बन कर रह गयी है। अपनी शर्तों पर राजनीति करतीं रहीं मायावती की पार्टी का उत्तर प्रदेश में मात्र एक विधायक है जबकि कभी यहां उनके पास पूर्ण बहुमत हुआ करता था। मायावती ने चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री का पद संभाला लेकिन आज वह अपनी पार्टी को नहीं संभाल पा रही हैं। चुनाव विधानसभा के हों या लोकसभा के, मायावती और बसपा जिस बेमन से चुनाव लड़ते हैं उससे आरोप लगता है कि वह भाजपा की बी टीम हैं। जब अन्य दलों की तीन-चार दर्जन रैलियां हो जाती हैं तब मायावती प्रचार के लिए निकलती हैं।



इसके अलावा, हाल के वर्षों में खासकर उत्तर प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के उपचुनावों के समय बसपा ने कई जगह ऐसे उम्मीदवार दिये जोकि विपक्षी मतों का विभाजन करवा कर भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त कर सके। इस बार के लोकसभा चुनावों से पहले मायावती को इंडिया गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया गया था लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया था। उत्तर प्रदेश में जिस तरह इंडिया गठबंधन की जीत हुई है उससे प्रतीत होता है कि यदि मायावती ने इंडिया गठबंधन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया होता तो भाजपा को और भी नीचे लाया जा सकता था। मायावती ने जब इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय किया था तब भी कहा गया था कि ऐसा वह भाजपा के दबाव में कर रही हैं। यही नहीं उनके उत्तराधिकारी और भतीजे आकाश आनंद ने जब लोकसभा चुनाव प्रचार में धुआंधार रैलिया करनी शुरू कीं और उन्हें मीडिया भी तवज्जो देने लगा तो एकदम से आकाश आनंद के पर इस बात को लेकर कतर दिये गये कि उन्होंने एक रैली में हिंसा भड़काने जैसा बयान दिया। देखा जाये तो आकाश आनंद ने जो कहा था वह गलत था लेकिन चुनावी रैलियों के दौरान विभिन्न दलों के नेता आकाश आनंद से भी ज्यादा बढ़-चढ़कर बातें कह रहे थे।

अब जबकि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आ गये हैं तो एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि मायावती की ओर से अकेले लड़ने का निर्णय संभवतः भाजपा की मदद करने के लिए किया गया था। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश में भले एक भी लोकसभा सीट नहीं जीती हो लेकिन उसने 16 सीटों पर दूसरों का खेल बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। 16 सीटों पर बसपा को जितने वोट मिले हैं वो मुख्य प्रतिद्वंद्वियों की हार और जीत के अंतर से ज्यादा हैं। यह सभी 16 सीटें एनडीए के खाते में गयी हैं। इनमें से 14 सीटें भाजपा के पास हैं। एक सीट राष्ट्रीय लोक दल के

> *हाल के वर्षों में खासकर उत्तर प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के उपचुनावों के समय बसपा ने कई जगह ऐसे उम्मीदवार दिये जोकि विपक्षी मतों का विभाजन करवा कर भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त कर सके।*

पास और एक सीट अपना दल (सोनेलाल) के पास गयी है। कल्पना कीजिये कि यदि मायावती के उम्मीदवार मैदान में नहीं होते तो भाजपा को 240 की जगह 226 सीटें ही मिली होतीं और एनडीए का कुल आंकड़ा भी 278 सीटों का ही होता। आज उत्तर प्रदेश में भाजपा जो 33 सीटें लेकर आई है यदि मायावती के उम्मीदवार नहीं होते तो यह नंबर 19 हो सकता था। मायावती ने भाजपा की किस तरह मदद की इसको समझने के लिए उत्तर प्रदेश की भदोही सीट को देखें जहां पर बसपा प्रत्याशी को 1.6 लाख वोट मिले जिसने भाजपा उम्मीदवार डॉ. विनोद कुमार बिंद की जीत का रास्ता साफ कर दिया। इसी प्रकार मिर्जापुर में अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल 37810 वोटों से जीत पाईं क्योंकि बसपा के मनीष कुमार ने 1.4 लाख वोट लेकर सपा उम्मीदवार का खेल बिगाड़ दिया। मायावती के कारण इंडिया गठबंधन के खाते में आने से जो सीटें रह गयीं उनमें अकबरपुर, अलीगढ़, अमरोहा, बांसगांव, भदोही, बिजनौर, देवरिया, फर्रुखाबाद, फतेहपुर सीकरी, हरदोई, मेरठ, मिर्जापुर, मिश्रिख, फूलपुर, शाहजहांपुर और उन्नाव सीटें शामिल हैं। हम आपको यह भी याद दिला दें कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान भी निचले स्तर तक यह संदेश पहुँचा था कि मायावती ने अपने वोटबैंक को भाजपा की मदद करने के लिए कहा है। हालांकि इस संदेश की सत्यता प्रमाणित नहीं हो पाई थी लेकिन इसने भाजपा को भारी लाभ पहुँचाया था।

बहरहाल, यह चुनाव परिणाम दर्शाते हैं कि बसपा का कोर वोट बैंक दलित और जाटव अब इंडिया गठबंधन की ओर जा रहा है। बसपा के वोट बैंक में तीन फीसदी की गिरावट इस बात की जरूरत पर जोर देती है कि पार्टी नेतृत्व को अब गंभीरता से अपने भविष्य पर विचार करना चाहिए। पिछले लोकसभा चुनावों में मिली 10 सीटों की बजाय बसपा का इस बार शून्य पर सिमटना, ज्यादातर बसपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त होना और बसपा की सोशल इंजीनियरिंग फॉर्मूले की हवा निकलने से मायावती का भड़कना भी स्वाभाविक है। मायावती को चूंकि इस बार मुस्लिमों का वोट बिल्कुल नहीं मिला है इसलिए उनका आहत होना भी स्वाभाविक है लेकिन उनका सार्वजनिक रूप से किसी कौम को यह कहना गलत है कि कि वोट नहीं देने वालों को हम भविष्य में सोच समझ कर मौका देंगे। मायावती का यह बयान यह भी दर्शाता है कि वह भी उन नेताओं में शामिल हैं जो तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। देखा जाये तो तुष्टिकरण की राजनीति के लाभ अल्पकालिक ही होते हैं जिसने भी इसे अपनी राजनीति का आधार बनाया है उसकी जमीन एक ना एक दिन खिसकी ही है।

**-नीरज कुमार दुबे**

## जल संकट से जूझता प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा की मनोरम धौलाधार पर्वत श्रेणी तले बसने वाले मेरे जैसे अनेकों लोगों ने पिछले 50 वर्षों में काफी कुछ बदलते देखा है। औद्योगिक विकास की बात को छोड़ भी दें तो पुराने मकानों की जगह कंक्रीट के जंगल उभर आए हैं और जहां पहले कभी फसलें लहलहाती थीं, वहां केवल अब सीमेंट और सरिए के पक्के मकानों की बहुतायत हो गई है और फसलें चौपट हो गई हैं। हिमाचल प्रदेश में साल दर साल स्वच्छ पेयजल आपूर्ति योजनाओं में बढ़ोतरी के बावजूद आज प्रदेश के कई हिस्सों में जल संकट गहराया हुआ है, तो इससे निबटने के लिए सरकार को युद्धस्तर पर राहत के उपाय ढूंढने ही पड़ेंगे। विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 10067 पेयजल परियोजनाएं हैं। इनमें ज्यादातर में जलस्तर घट गया है, वहीं 350 पेयजल परियोजनाएं ऐसी हैं जो लगातार सूख रही हैं। इसके लिए अधिकतर नागरिकों के घरों में वर्षाजल संग्रहण टैंकों का निर्माण करवाना होगा, लेकिन कई पंचायत प्रधान वर्षा जल संग्रहण टैंकों के निर्माण में ज्यादा रुचि नहीं लेते हैं। इस लेख के लेखक को भी सरकार द्वारा दो बार वर्षा जल संग्रहण टैंक स्वीकृत किया गया, लेकिन उपमंडल बैजनाथ की खड़ानाल पंचायत द्वारा टैंक का निर्माण करवाया ही नहीं गया। क्या कभी इस प्रकार का नकारात्मक रवैय्या रखने वाले जनप्रतिनिधियों पर कोई अनुशासनात्मक दंडात्मक कार्रवाई भी होगी और लाभार्थी को कोई लाभ मिलेगा? पंचायतों द्वारा स्वीकृत वर्षा जल संग्रहण टैंकों, लेकिन पेंडिंग अथवा अधूरे छोड़े गए और जिनके निर्माण में अनियमितता बरती गई हो, ऐसे मामलों में संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों एवं खंड विकास अधिकारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। वर्ल्ड बैंक ने तो पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए स्वच्छ पानी को व्यर्थ बहाने वालों से टैक्स तक वसूलने की अनुशंसा भी की है और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं आबंटन की सलाह दी है।

हिमाचल प्रदेश में गर्मियों का सीजन कोई ज्यादा लंबा नहीं चलता है, लेकिन यह दो महीने जल शक्ति विभाग के लिए कड़ी परीक्षा वाले होते हैं। जहां कुशल, योग्य और हुनरमंद अधिकारी होते हैं, वहां से पेयजल संकट को लेकर कम शिकायतें सुनने को मिलती हैं, लेकिन जहां कुछ क्षेत्रों के



अफसर अनियमित पेयजल की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते हैं और फील्ड में जाने की जहमत भी नहीं उठाते हैं। वहां के निवासियों को कई कई दिनों तक व्यवस्था में सुधार होने का इंतजार करना पड़ता है।

हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग द्वारा घोषित लक्ष्यों में पहले स्थान पर पेयजल आपूर्ति योजनाओं द्वारा प्रदेशवासियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना ही रखा गया है। 15 मई 2023 तक प्रदेश में 41835 हैंडपंप लगाए जा चुके थे। वर्तमान समय में जिस प्रकार से जनसंख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है और नित नई कालोनियां विकसित हो रही हैं अथवा गांव के भीतर नए पेयजल कनेक्शन की मांग बढ़ रही है, उसके हिसाब से पुरानी जलापूर्ति लाइनों में कोई सुधार न होने और पुरानी पाइपों से ही पेयजल आपूर्ति की वजह से लोगों को अपर्याप्त पेयजलापूर्ति हो रही है और गर्मियों के इस सीजन में हालात और भी गंभीर और खराब हैं। सरकार की मंशा तो ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करवाने की होती है, लेकिन चंद अधिकारियों की सुस्त कार्यशैली के चलते फजीहत भी सरकार की ही होती है। यह सही है कि विभाग के ज्यादातर अधिकारी और कर्मचारी पिछले दिनों चुनाव ड्यूटी पर थे। ऐसे में उच्च अधिकारियों को पहले से योजना बनाकर जल संकट का हल निकाल लेना चाहिए था।

हमें यह भी देखना होगा कि पारंपरिक जल स्त्रोतों में जल संकुचन, अनियमित पेयजल आपूर्ति, गिरते भूजल जल स्तर, फील्ड स्टाफ की कमी और पानी की खराब गुणवत्ता के चलते हिमाचल के कई हिस्सों में शहरी और ग्रामीण जल आपूर्ति दोनों की स्थिरता में खतरा पैदा कर दिया है और पेयजल को लेकर अब तो दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों से भी संघर्ष की खबरें अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं। लाख टके का सवाल है कि करोड़ों की पेयजल योजनाएं बिना मानव श्रम शक्ति के किस प्रकार से अपनी उपयोगिता साबित कर पाएंगी? अब आप 15 मई 2023 की विभागीय मानव श्रम शक्ति का विश्लेषण देखें तो जलशक्ति विभाग के विभिन्न 49 श्रेणियों के लिए स्वीकृत 4173 पदों में से 2586 पद भरे हुए हैं और 1587 पद रिक्त चल रहे हैं। इसलिए विभाग में नई नौकरियों का सृजन जल्द हो, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। जल शक्ति विभाग का नारा 'सेव वाटर सेव लाइफ' तभी सार्थक होगा जब लोगों को नियमित पेयजल आपूर्ति संभव होगी। जल शक्ति विभाग ने शिकायतों के निवारण के लिए एक टोल फ्री नंबर 18001808009 भी जारी किया हुआ है। लेकिन शिकायत मिलने के बाद भी शिकायतकर्ता दुखी रहता है तो फिर ऐसे प्रयास भी औचित्यहीन ही माने जाएंगे। जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री मेहनती लीडर हैं, आम पब्लिक की सुनते भी हैं, लेकिन जब तक विभाग के आला अधिकारी अपना कुर्सी मोह छोडक़र फील्ड में उतर कर पसीना नहीं बहाएंगे, तब तक अच्छे रिजल्ट आने की संभावना कम ही है। हिमाचल से बाहर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु भी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। उधर संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रपट के अनुसार 2025 तक दुनिया की चौदह फीसदी आबादी के सामने जल संकट खड़ा हो जाएगा। यह समय की मांग है कि दिन प्रतिदिन बढ़ती आबादी के कारण पेयजल की मांग में हो रही वृद्धि के दृष्टिगत नवीन योजनाओं पर युद्धस्तर पर काम होना चाहिए। आम नागरिक को पहले 'हर घर जल' तो मिले, तभी वह 'सेव वाटर सेव लाइफ' के नारे पर अमल करेगा। इस समस्या का तुरंत समाधान खोजना होगा।

**-अनुज आचार्य**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष : प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आर्थिक उन्नति करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान में अपनापन होगा और व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी जीवन में। झगड़ा मोल न लें। बाकी स्वास्थ्य अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य बुझा-बुझा सा रहेगा। आमदनी के नए- नए जरिया बनेंगे। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय के नए स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। सरकारी तंत्र का साथ होगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां अनुकूल होने लगी हैं। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रुओं का समन होगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
गृह-कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। शिवजी को प्रणाम करते रहें।

# चरित्रवान आर्य युवा राष्ट्र के भाग्य निर्माता बनेंगे : अनिल आर्य









**नोएडा (चेतना मंच)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल,सेक्टर 44,नोएडा में डॉ. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में चल रहे 'आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' के छठे दिवस पर आचार्य महेंद्र भाई ने यज्ञ से शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारी वैदिक विद्वान दर्शनाचार्या विमलेश बंसल ने शिविरार्थियों को संस्कृत के मधुर श्लोकों के माध्यम से चरित्र निर्माण और व्यक्तिगत विकास का सूत्र बड़ी ही मधुरता से प्रस्तुत किया। उन्होंने युवाओं से कहा की अपने बड़ों का सम्मान करें।उन्होंने कहा की दुर्गुणों को त्याग कर सद्गुणों को अपने जीवन मे उतारने का लक्ष्य बनाना चाहिए। गायिका पिंकी आर्या,सम्राट, सौमूल,अथर्व व कान्हा ने भजनों के माध्यम से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर परिषद के व्यायाम शिक्षक योगेन्द्र शास्त्री हरियाणा व रोहित सिंह दिल्ली को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि चरित्रवान आर्य युवा राष्ट्र के भाग्य निर्माता बनेंगे।चरित्र धन सबसे बड़ा है जो जीवन में सफलता प्रदान करेगा।उन्होंने महापुरुषों के जीवन को आत्मसात करने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय महामंत्री महेंद्र भाई ने भारत के गौरव पूर्ण इतिहास की जानकारी दी उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लुप्त इतिहास को पढ़ना चाहिए। हमारा इतिहास उत्साह व स्वाभिमान का प्रतीक है।

अध्यक्षीय भाषण मे आर्य नेत्री रजनी गर्ग ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य की भांति अपने जीवन को भी तेजोमय कर संसार मे अपना नाम चमकाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रवीण आर्य, सौरभ गुप्ता,नसीब सिंह,विकास, प्रदीप व मोहित ने योगासन, प्राणायाम,लाठी,बाक्सिंग,सैनिक शिक्षा आदि आत्म रक्षा प्रशिक्षण दिया।

प्रमुख रूप से यज्ञवीर चौहान, अरूण आर्य, विवेक अग्निहोत्री, सुरेश आर्य, अभिषेक, गौरव झा व आस्था आर्या आदि उपस्थित थे।

## अयोध्या के परिणाम एक दूरगामी संकेत : संजीव निगम



**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने इंडिया गठबंधन में सपा से नव-निर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से अवधेश प्रसाद की जीत में आम आदमी पार्टी के अयोध्या जिला इकाई के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति के नेतृत्व में जिला इकाई व सभी विधानसभा इकाइयां प्रत्याशी घोषणा के तुरंत बाद से वोटों की गिनती वाले दिन तक सहयोग करते रहे और वो स्वयं डोर-टू-डोर में प्रचार का हिस्सा बने।

श्री निगम ने कहा कि अयोध्या से सपा प्रत्याशी का जीतना और भाजपा के लल्लू सिंह का हारना भाजपा को करारा तमाचा है। भाजपा के ज्यादातर सांसदों व विधायकों में अहम आ चुका था। संजीव निगम ने आगे बताया कि पिछले वर्ष अयोध्या नगर निगम में आम आदमी पार्टी का एक पार्षद चुना गया था उसके बाद से पार्टी ने अपने संगठन को लगातार मजबूत करती रही।

संजीव निगम ने कहा कि जो लोग अयोध्या से भाजपा की हार को हिंदुओं की हार बताकर सारे हिन्दू समाज को गाली-गलौज कर रहे हैं। उन्हें अपने अंदर आत्म अवलोकन करने की आवश्यकता है क्योंकि जीतने वाला व्यक्ति भी एक हिन्दू ही है। यह हिन्दू समाज की नहीं बल्कि एक तानाशाही पर लगाम लगी है।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में 115वें दिन भी जारी है।

# भाजपा की हार पर अयोध्या वासियों को गाली देने वाला दक्ष चौधरी गिरफ्तार




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र में रहने वाले दो युवक को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों युवक अयोध्या में बीजेपी की हार के बाद वीडियो बनाकर वहां के लाखों लोगों को गालियां दे रहे है। यह वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर वायरल हुआ था।

यह मामला उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले का है। यहां सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें कर में बैठे दो युवक दक्ष चौधरी और अनु चौधरी दोनों भाजपा की हार के बाद अयोध्या के लोगों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। दोनों वहां के लाखों लोगों के लिए अपशब्दों का प्रयोग भी कर रहे हैं। दोनों युवक हिंदू रक्षा दल से जुड़े हैं। दोनों युवकों पर गाजियाबाद पुलिस ने संबंधित धाराओं से मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

**पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे**

वीडियो में अभद्र टिप्पणी कर रहे दक्ष चौधरी ने 20 दिन पहले दिल्ली में कैंपेन के दौरान इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कन्हैया कुमार को थप्पड़ मारा था। हला कि कन्हैया कुमार ने दक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं कराया था इस लिए उसकी गिरफ्तारी भी नहीं हुई थी। इसे पहले दक्ष चौधरी और अनु चौधरी दो अन्य लड़कों के साथ जूते पहनकर एक मस्जिद में घुस गये थे जिसके बाद विवाद हुआ था। दोनों युवक पर गाजियाबाद पुलिस ने आईपीसी की धारा 295ए, 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी और उनके बेटे पर भी गुंडागर्दी कर लोगों को धमकाने और डरने का मुकदमा दर्ज है।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में दो शख्स अयोध्या में वोटरों पर धार्मिक भावनाओं पर टिप्पणी कर रहे थे। इसका संज्ञान लेकर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है उन्होंने बताया कि दोनों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कार में बैठे दो युवकों का वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में दक्ष चौधरी नाम का युवक अयोध्या में भाजपा की हार से नाराज होकर स्थानीय लोगों को गाली देते और धार्मिक भावना भड़काते दिखा। वीडियो में उसका कहना है कि अयोध्या वासियों ने भाजपा के साथ गलत किया है। लोगों ने भगवान श्री राम को मंदिर में लाने वाली भाजपा के लिए अपने नमक का फर्ज अदा नहीं किया। इसके आगे वह कहता है कि जिस पार्टी ने राम मंदिर की मांग करने वाले लोगों पर गोलियां चलवाईं, उसे ही वोट देकर जितवा दिया।

इसी बीच दक्ष के बराबर में बैठे गरिमा गार्डन निवासी अनु चौधरी ने भी अयोध्या के लोगों के लिए गाली गलौज की। एक्स अकाउंट पर वीडियो का संज्ञान लेकर तुरंत डीसीपी ने पुलिस को धार्मिक भावना भड़काने के मामले में टीलामोड़ थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस ने वीडियो को साक्ष्य मानकर अनु चौधरी और दक्ष चौधरी के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने गाली गलौज देने का मुकदमा दर्ज किया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि गरिमा गार्डन निवासी अनु चौधरी और दक्ष चौधरी को टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ चल रही है।






## पृष्ठ एक के शेष....

**आंधी में गिरी...**

घायल हुए जिला बरेली के गांव बरखन के हरिओम (22) पुत्र हजारी लाल और जिला बरेली के गांव फतेहगंज के संतोष (52) पुत्र भगवान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान हरिओम ने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अभी तक मृतक के स्वजन की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**धरातल पर उतरने...**

इसके लिए जून मध्य तक टेंडर जारी किए जाएंगे। वहीं नाले के ऊपर कियोस्क बनाने की टेंडर जारी होने जा रहे है। इनका डिजाइन तैयार है। गोदावरी मार्केट, सेक्टर-110 एवं वीडीएस मार्केट का नवीनीकरण करीब सात करोड़ में किया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी किए जा रहे है।


### उत्तर मध्य रेलवे

सं.: 01/2024-25 दिनांक: 04.06.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक वि.लो.शेड, झाँसी द्वारा निम्नलिखित मद के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | निविदा सं. | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 01 | 54245120C | ट्यूब Cu.9.52 (3/8") O/D* 1.245mm WT *6Mtr.lg. (Weight/ Mtr=.27kg.)CAT No.T/9/0003C एज पर Spec.* CLW/MS/3/030 Alt-1/2 | 126 मीटर |

**निविदा खुलने की तिथि:** 01.07.2024, **नोट:** उपरोक्त ई प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। **974/24(DG)**

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

**सार्वजनिक सूचना**

आगरा जिले में उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत **टूंडला-गाजियाबाद** खंड में एत्मादपुर में **समपार नंबर 75-ए** पर 02 लेन रोड ओवर ब्रिज/उपरिगामी पुल (एप्रोच सहित एंड-टू-एंड) के निर्माण का कार्य **10 जून 2024** से शुरू करने की योजना बनाई गई है और उक्त कार्य **30 जून 2025** तक पूर्ण हो जायेगा। **एलसी नंबर 75-ए** (एत्मादपुर) के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज कार्य के निर्माण के दौरान **10 जून 2024 से 30 जून 2025** तक सड़क यातायात हेतु वैकल्पिक मार्ग **(i)** फाटक संख्या 75 को पार कर जाने वाली NH-19 की सड़क **(ii)** एत्मादपुर से फिरोजाबाद की तरफ चलने पर गुरू गोरखनाथ ढाबा के पास के मार्ग तथा **(iii)** एत्मादपुर से आगरा की तरफ चलने पर बरहन चौराहे से बरहन की ओर जाने वाली सड़क से होकर मितावली स्टेशन के पास स्थित अंडर पास संख्या 76 का उपयोग किया जायेगा। कार्य पूरा होने के बाद नवनिर्मित आरओबी से सड़क यातायात नियमित हो जायेगा।

**उप मुख्य इंजीनियर-।। गतिशक्ति यूनिट**
**उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज**

**969/24(K)**

@CPRONCR @northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2024-89 (Two Packet System), **कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर कैण्ट-गोण्डा जं. (अप एवं डाउन) कुल 37.106 ट्रैक कि.मी. एवं मनकापुर-अयोध्या (एकल लाइन) 35.744 ट्रैक कि.मी. कुल 72.85 ट्रैक कि.मी. आइ.एस.डी. का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 11,22,15,242.86, **अग्रिम धन :** रु. 7,11,100.00, **समापन अवधि :** 24 माह।

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-89 के लिए ई-निविदा दिनांक 03.09.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-102 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



### दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



गुरुवार को हरिद्वार में बड़ अमावस्या के अवसर पर हर की पैड़ी पर गंगा में पवित्र स्नान करने के बाद अनुष्ठान करते श्रद्धालु।

# 'एक कदम पीछे हटने और चिंतन करने के लिए ब्रेक ले रहा हूं : लोन

● श्रीनगर, एजेंसी



**जम्मू**-कश्मीर के पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने गुरुवार को कहा कि वह एक कदम पीछे हटने, ठहरने और आत्मचिंतन करने के लिए ब्रेक ले रहे हैं। लोन उत्तर कश्मीर के बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव हार गये हैं।

इंजीनियर रशीद के नाम से मशहूर निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और सज्जाद लोन को भारी अंतर से हराकर बारामुल्ला लोकसभा सीट जीती। पूर्व अलगाववादी से मुख्यधारा के नेता बने लोन ने 'एक्स' पर कहा कि यह हार एक झटका है। मैं कुछ दिनों के लिए दूर रहूंगा। कुछ समय के लिए आराम करूंगा, रुकूंगा और सोचूंगा। हार-जीत जीवन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चुनाव इस बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक साधन मात्र हैं, कभी भी अपने आप में कोई लक्ष्य नहीं। लोन ने कहा कि अगर यह झटका हमें और अधिक उत्साहित करता है, तो यह हमारे सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता, दृढ़ विश्वास और संकल्प को मजबूत करता है। मैं एक बार फिर अपने हर समर्थक का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जो मेरे साथ खड़े रहे। मुझ पर विश्वास किया और मेरे विश्वास को मजबूत किया। मैं अपने पंडित भाइयों का भी ऋणी हूं, और सिख भाइयों का भी जिन्होंने अपना समर्थन दिया। वे शांतिपूर्ण, समृद्ध और सशक्त कश्मीर के हमारे बड़े सपने का अभिन्न अंग हैं।



गुरुवार को नई दिल्ली में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथराष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले। ■ छाया : एजेंसी

## खास खबर

### अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' की शूटिंग हुई पूरी



**मुंबई**: बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म 'रेड 2' की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि 'रेड 2' की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है।फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

### कोटा में कोचिंग छात्रा ने की आत्महत्या

**कोटा**: राजस्थान में कोचिग सिटी कहे जाने वाले कोटा में नीट की तैयारी कर रही एक कोचिंग छात्रा बगिशा तिवारी ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोटा में नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही मध्य प्रदेश के रीवा जिले की कोचिंग छात्रा बगिशा तिवारी (18) पिछले तीन साल से कोटा में थी। वह कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में एक बहुमंजिला इमारत के नवें माले पर अपनी मां और भाई के साथ रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। चार जून को नीट का परिणाम आया, उसमें उसे सफलता नहीं मिली।

### अवैध डोडा पोस्त की तस्करी करते पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर**: राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले में पुलिस ने पंजाब के दो तस्करों को गिरफ्तार करके उनसे एक क्विंटल 75 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि राजियासर थाना क्षेत्र में श्रीगंगानगर-बीकानेर नेशनल हाईवे 62 पर हिदौर प्लाजा के समीप पुलिस दल की नाकाबंदी के तहत वाहनों की जांच के दौरान बीकानेर की ओर से आ रही एक कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली तो उसमें एक सौ 75 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ।

### हिमाचल में बुलेरो खाई में गिरी, तीन लोगों की मौत, कई घायल

**चंबा**: हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और अन्य 10 लोग घायल हुए हैं। हादसा राख-बिदला-धनाड़ा मार्ग पर डूंडेई के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक 13 लोग बोलेरो गाड़ी में सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान राख-बिदला-धनाड़ा मार्ग पर डूंडेई के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ा।

# गाजा में रिफ्यूजी कैंप पर हमला

## इजराइल ने स्कूल को बनाया निशाना, महिलाओं-बच्चों समेत 32 की मौत

● नई दिल्ली, एजेंसी

**हमास** के खिलाफ जंग के बीच इजराइल ने सेंट्रल गाजा में 76 साल पुराने नुसीरत रिफ्यूजी कैंप पर हमला किया। इस दौरान एक स्कूल को निशाना बनाया गया। फाइटर जेट से की गई इस एयरस्ट्राइक में 32 लोगों की मौत हुई है। इनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

वहीं हमास के अल-अक्सा मीडिया ने बताया कि अटैक में 39 लोगों ने जान गंवाई है। इजराइल की डिफेंस फोर्स ने इस हमले की पुष्टि की है। क्ब्ऋ ने दावा किया है कि उर्नवा के इस स्कूल में हमास की नुखबा फोर्स के लड़ाकों ने पनाह ले रखी थी। इजराइल ने एयरस्ट्राइक में उन्हें ही निशाना बनाया। दरअसल, इजराइल-हमास के बीच जंग शुरू होने के बाद से 10 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए हैं। इन्होंने गाजा में अलग-अलग जगहों पर स्कूलों और अस्पतालों में पनाह ले रखी है। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, नुसीरत रिफ्यूजी कैंप गाजा पट्टी के बीचों-बीच मौजूद है। 1948 में इजराइल की स्थापना के बाद लाखों फिलिस्तीन बेघर हो गए थे। इन्हें पनाह देने के लिए नुसीरत कैंप बनाया गया था। आईडीएफ ने दावा किया है कि स्कूल पर हमले से पहले इसके लिए पूरी प्लानिंग की गई थी। इस दौरान इस बात पर खास ध्यान दिया गया था कि वहां मौजूद आम नागरिकों को ज्यादा नुकसान न पहुंचे। इसके लिए इलाके की हवाई निगरानी की गई थी। साथ ही



वहां मौजूद इजराइल के इंटेलिजेंस सोर्स के जरिए भी जानकारी इकट्ठा की गई थी। इजराइल के हमले के बाद गाजा में मौजूद हमास के नेतृत्व वाली सरकार के मीडिया ऑफिस ने भी बयान जारी किया। उन्होंने स्कूल पर हमले को नरसंहार बताया। मीडिया ऑफिस के प्रवक्ता इस्माइल अल-थावब्ता ने कहा कि घायलों को अल-अक्सा मार्टियर अस्पताल में भर्ती किया गया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएन की रिलीफ एंड वर्क एजेंसी (उर्नवा) जंग से पहले तक गाजा में 183 स्कूलों को ऑपरेट करता था। जंग शुरू होने के बाद से इन स्कूलों की इमारतों को रिफ्यूजी कैंप में तब्दील कर दिया गया है। 8 महीने से जारी इजराइल के हमलों में वठफ्हअ की फैसेलिटीज में पनाह ले रहे 455 लोगों की मौत हुई है। इजराइल ने इससे पहले 11 और 13 अप्रैल को भी नुसीरत रिफ्यूजी कैंप में मौजूद स्कूलों पर 3 बार हमला किया था। इस दौरान 7 लोगों की मौत हुई थी। पिछले साल दिसंबर में भी इजराइल ने गाजा के 2 स्कूलों पर एयरस्ट्राइक की थी। इसमें 50 लोगों की मौत हो गई थी, वहीं सैकड़ों लोग घायल हुए थे। 7 अक्टूबर से लेकर अब तक इजराइल ने 430 बार उर्नवा के परिसरों पर हमला किया है। अलजजीरा के मुताबिक, अप्रैल में भी इजराइल ने गाजा के नुसीरत रिफ्यूजी कैंप पर हमला किया था। इसमें 75 लोगों की मौत हो गई थी और 348 लोग घायल हुए थे। इसके अलावा इजराइल के हमले में 13 हजार से ज्यादा टेम्परारी घर तबाह हो गए थे। 7 महीने से जारी इजराइल-हमास जंग में अब तक करीब 36 हजार 586 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इनमें 15 हजार से ज्यादा बच्चे हैं। गाजा पर इजराइल के हमले के आखिरी पड़ाव राफा पर हमले के बाद 8 लाख लोग शहर छोड़ चुके हैं।

दरअसल, इजराइल का तर्क है कि उन्होंने अब तक हमास की 24 बटालियन को खत्म कर दिया है, लेकिन अब भी 4 बटालियन राफा में छिपी हुई हैं। इनके खात्मे के लिए राफा में ऑपरेशन चलाना जरूरी है। हालांकि, इस बीच इजराइल नॉर्थ और सेंट्रल गाजा में भी कई जगहों पर हमले कर चुका है। इजराइली सेना ने दावा किया है कि राफा पर हमले के बीच कई हमास लड़ाके वहां जाकर छिप गए हैं।

# सुक्खू को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे देना चाहिएः ठाकुर

● शिमला, एजेंसी

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जयराम ठाकुर ने शिमला में कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार जनादेश खो चुकी है, इससे पूर्व राज्यसभा के चुनाव में विधायकों का बहुमत खोया था और अब जनता जनार्दन के बीच लोकप्रियता भी खो चुकी है।

ठाकुर ने गुरुवार को यहां एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा के चुनाव में 61 सीटों पर भारी मतों ने हारी, यहां तक की मुख्यमंत्री नादौन से 2143 मतों से पराजित हुए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सभी मंत्री भी अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव हार गए। इससे जनादेश साफ दिखता है, पूरे प्रदेश में बहुमत का ढिंढोरा पीटने वालों को जनता ने कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार को प्रदेश के विकास की चिंता नहीं है केवल एक ही चिंता है कि सरकार कैसे बचानी है और मुख्यमंत्री को केवल कुर्सी को बचाने की चिंता है। इन लोक सभा चुनावों में पूरे प्रदेश में इन्होंने केवल सरकार को बचाने का जश्न मनाया और कुछ नहीं किया। ठाकुर ने सुक्खू को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि



ऐसी क्या नौबत आ गई थी की तीन निर्दलीयों का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया, अगर उस समय इस्तीफा स्वीकार कर लिया होता तो चुनाव साथ हो जाते। सुक्खू को सत्ता गवाने का डर सता रहा था, तभी लोकसभा के परिणाम आने से एक दिन पहले इन्होंने इस्तीफा स्वीकार किया और इसका पूरा खर्च सरकार पर डाल दिया। अब इन चुनावों पर 35 करोड़ का अतिरिक्त खर्च आएगा इसके लिए मुख्यमंत्री जी आप जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि सुना है कि लोकसभा की चुनावी हार के बाद कांग्रेस का हाई कमान संज्ञान लेने वाला है, इससे पहले वह संज्ञान ले मुख्यमंत्री को सम्मानजनक रूप से मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। आप जनमत खो चुके है।

### स्विमिंग पूल में तीन दोस्त डूबे, एक मरा

**अलवर**: राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र स्थित एक रिसोर्ट के तरणताल में नहा रहे तीन युवक डूब गये, जिनमें एक की मौत हो गयी, जबकि दो को सुरक्षित निकाल लिया गया। अलवर शहर के सूर्य नगर निवासी चेतन कुमार ने बताया कि उनकी 10 मई को शादी हुई थी, जिसकी पार्टी करने के लिये हम चार दोस्त सनराइज रिसोर्ट गये और बुधवार रात्रि साढ़े आठ बजे वहां के तरणताल में नहा रहे थे कि सूर्यनगर निवासी अनिल तेरता तेरता गहरे पानी में चला गया और वह डूबता चला गया। जैसे ही हमें पता चला, हमने वहां शोर मचाया की भाई को बचा लो, लेकिन कोई भी बचाने नहीं आया। चेतन ने बताया कि हमने बड़ी मुश्किल से उसे निकाला और अलवर के एक निजी अस्पताल में लेकर आये, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

### चेक गणराज्य में दो ट्रेनों में भिड़ंत, चार मरे

**प्राग**: चेक गणराज्य में एक यात्री ट्रेन और मालगाड़ी के बीच टक्कर होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। चेक टेलीविजन की रिपोर्ट में बताया गया कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे पर्डुबिस में घटित हुई। बताया जा रहा है कि जब चेक गणराज्य की राजधानी प्राग से पूर्वी स्लोवाकिया के कोसिसे जा रही एक यात्री ट्रेन एक मालगाड़ी से टकरा गई। स्थानीय बचावकर्मियों के अनुसार, यात्री ट्रेन में 300 से अधिक लोग सवार थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना में दोनों ट्रेन चालक बच गए। सभी यात्रियों को यात्री ट्रेन से निकाल लिया गया है। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने एक्स पर कहा कि पर्डुबिस में दो ट्रेनों की टक्कर एक दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सभी पीड़ितों और घायलों के बारे में चिंतित हैं। सभी शोक संतप्त लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

### 'अमृतपाल पर लगाया रासुका हटाने की मांग'

**चंडीगढ**: लॉयर्स फॉर 'मन राइट्स के प्रमुख और वरिष्ठ वकील नवकिरण सिंह ने गुरुवार को कहा कि पंजाब सरकार को अमृतपाल सिंह और सहयोगियों पर लगाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) हटाना चाहिये। 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने असम की डिब्रूगढ़ जेल से खडूर साहब संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की है। नवकिरण सिंह ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण ही था कि केंद्र सरकार के दबाव में पंजाब सरकार ने अमृतपाल और सहयोगियों पर रासुका लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती तो अमृतपाल और सहयोगियों को वैसे भी जेल में डाल सकती थी, क्योंकि उन पर गंभीर आरोप थे। वरिष्ठ वकील ने कहा कि यही नहीं पंजाब सरकार ने हिरासत आदेश की वैधता का एक साल पूरा होने के बाद, नया आदेश निकाला ताकि बिना मुकदमे के उन्हें जेल में रखा जा सके।



गुरुवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में नवनिर्वाचित सांसद अजय भट्ट से मुलाकात की।

# कार्यों का समय पर करें क्रियान्वयनः देवनानी

● जयपुर, एजेंसी

**राजस्थान** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा के अधिकारियों से कहा है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और अनुभागों के कार्यों का समय पर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

देवनानी गुरुवार को विधानसभा सचिवालय के अनुभाग अधिकारी, सहायक सचिव और उप सचिवों की बैठक में विभिन्न अनुभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यों के प्रति लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। देवनानी ने प्रत्येक अनुभाग की विस्तार से



जानकारी ली। उन्होंने अनुभागों में प्रतिदिन होने वाले कार्य, बैठकों और बजट के बारे में पूछा। देवनानी ने कहा कि कार्यों के परिणाम आने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अनुभागों के कार्यों का समय पर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें। राजकीय कार्यों के प्रति लापरवाही नहीं बरते। अधिकारी स्वयं पहल कर पत्रावलियों का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अनुशासन में रहकर कार्य करना चाहिए। वे समय पर आये और कुशल प्रबंधन से कार्य करें। अपने अधिनस्थों के समक्ष अनुशासन का परिचय दे और कार्यालय में सौहाद्रपूर्ण वातावरण का निर्माण करें। देवनानी ने अधिकारियों से कहा कि अपने अनुभागों से संबंधित प्रक्रिया नियमों का गहराई से अध्ययन करें।

# वोटों का विश्व रिकॉर्ड बना, पर महिला सांसदों की हिस्सेदारी घटी

## इस चुनाव में 74 महिलाएं ही संसद में पहुंचने में हो सकीं सफल, सबसे ज्यादा भाजपा तो दूसरे नंबर पर रही ममता की टीएमसी

● मेरठ एजेंसी

**भले** संसद में बिल पास कर एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व रखने की कवायद की गयी हो पर किसी भी पार्टी ने बिल का सम्मान नहीं किया। महिलाओं को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा जरूर मगर अपने हिसाब से। भाजपा जरूर मामले में आगे रही। तृणमूल कांग्रेस ने भी काफी दिलदारी दिखायी। बाकी किसी पार्टी ने आधी आबादी के लिए ज्यादा कुछ करना गंवारा नहीं किया। यही कारण है कि पिछली बार के मुकाबले इस चुनाव में संसद पहुंचने वाली महिलाओं की संख्या घट गई। पर एक सुखद बात यह जरूर रही कि महिलाओं ने रिकार्ड वोटिंग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ही लोकसभा में 2023 में महिला रिजर्वेशन का बिल पास किया गया। तय हुआ कि एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व रखी जाएंगी। यानी करीब 180 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। इसके लिये पार्टियों की भूमिका बढ़ गई। इस बार चुनाव में 797 महिलाएं किस्मत आजमाने के लिए मैदान में उतरीं, लेकिन मात्र 74 महिलाओं की ही किस्मत का दरवाजा खुला और वे संसद तक पहुंचने में सफल हुईं। पिछली बार से यह संख्या चार कम है। जहां तक पार्टियों की बात है तो भाजपा ने 2024 के चुनाव में 69 महिलाओं की टिकट दिये और इनमें 30 को ही जीत नसीब हो सकी। जीत का प्रतिशत 43.4 रहा। कांग्रेस ने 41 महिलाओं को टिकट दिये पर सिर्फ 14 ही जीत पायीं। टीएमसी ने 12 महिलाओं को टिकट दिये और 11 ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी ने चार महिलाओं को मैदान में उतारा, तीन संसद तक पहुंचने में सफल हो गयीं। द्रमुक की तीन, लोजपा, जदयू की दो-दो महिलाएं सांसद चुनी गयीं। वैसे आधी आबादी के लिए सबसे ज्यादा दरियादिली पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने दिखायी और अधिकतर कसौटी पर खरी उतरीं। उन्होंने चुनाव आयोग के निर्देशों को पूरी तरह से मेनटेन रखा। इस तरह एक ही राज्य से 11 महिलाएं सांसद चुनी गयीं। पिछले चुनाव में भी उनके राज्य से नौ महिलाएं संसद पहुंची थीं। ऐसा किसी दूसरे राज्य में नहीं हुआ। दूसरे प्रदेशों में आधी आबादी की स्थिति देखें तो महराष्ट्र से पांच, उत्तर प्रदेश से चार, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान से तीन-तीन, बिहार, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, ओडिसा व दिल्ली से दो-दो, असम,



डिंपल यादव

हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से एक-एक महिला संसद के लिए चुनी गयीं।

**पिछली बार संसद पहुंची थीं 78 महिलाएं**

वर्ष 2019 में 78 महिलाएं संसद तक पहुंचने में सफल रही थीं। जबकि इससे पहले 2014 में 62, 2009 में 58 व 2004 में 45 महिलाएं सांसद बनीं। इससे पता



इकरा हसन

चलता है कि राजनीतिक दल महिलाओं को टिकट देने के मामले में अभी भी अपनी परम्परागत सोच से नहीं उबर पा रहे। पश्चिम बंगाल इस मामले में अलग ही उदाहरण है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में महिला सांसदों की हिस्सेदारी घटी है। यूपी में तो आधी आबादी की भागेदारी वर्ष 2014 के चुनाव से



रुचिवीरा

लगातार घट रही है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि सदन में 33 फीसदी आरक्षण का बिल पास होने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव था। चौंकाने वाली बात यह है कि बिल पारित कराने वाले एनडीए की उत्तर प्रदेश से सिर्फ हेमामालिनी ही जीत दर्ज कर पायीं।

**वोटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया**

इस बार यानी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 96.8 करोड़ मतदाता रहे। इनमें 47.1 करोड़ महिला मतदाता थीं। हैरानी की बात यह है कि अबकी बार 30.77 करोड़ महिलाओं ने चुनाव में वोट डालकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। पहली बार हुआ, जब इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं ने वोटिंग की।

**उत्तर प्रदेश से सिर्फ पांच महिलाएं सांसद बनीं**

उत्तर प्रदेश से सिर्फ पांच महिलाएं ही जीत दर्ज करा सकीं। मैनपुरी से सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, कैराना से सपा प्रत्याशी इकरा हसन, मुरादाबाद से सपा की रुचिवीरा, मछली शहर से सपा की प्रिया सरोज और बांदा से कृष्णा पटेल जीत दर्ज करा सकीं।

# न्यूयॉर्क की पिच को लेकर दिग्गजों ने दी अपनी प्रतिक्रिया, आईसीसी पर उठ रहे हैं सवाल

**न्यूयार्क (एजेंसी)**। टी20 वर्ल्ड कप में न्यूयॉर्क की पिच को लेकर काफी हल्ला मचा हुआ है। बुधवार को भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए मुकाबले में रोहित शर्मा और ऋषभ पंत चोटिल हो गए थे। जिसके बाद से लगातार पिच पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने आईसीसी पर अपना गुस्सा निकालते हुए कहा है कि, अगर ऐसी पिच भारत में होती तो अब तक बैन लग चुका होता।

नासाउ काउंटी स्टेडियम में भारत और आयरलैंड के बीच मुकाबले में पिच का व्यवहार ठीक नहीं था। आयरलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रनों पर सिमट गई। इससे पहले श्रीलंका की टीम भी मात्र 77 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। तब दक्षिण अफ्रीका की टीम ने 18.2 ओवरों में लक्ष्य को हासिल किया था। वहीं, भारत और आयरलैंड मैच में कई खिलाड़ियों को भी चोट लगी थई। आयरिश बल्लेबाज हैरी टैक्टर, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विकेटकीपर ऋषभ पंत को भी कई जगह गेंद लगी थी।

न्यूयॉर्क की पिच को लेकर भारत समेत अन्य देशों के पूर्व क्रिकेटरों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। इरफान पठान ने कहा है कि अगर भारत में किसी मैदान पर ऐसी पिच होती तो उसे अगला मैच मिलता ही नहीं। पठान ने कहा कि ठीक है हम अमेरिका में क्रिकेट को प्रमोट करना चाहते हैं। लेकिन ये पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। हम वर्ल्ड कप खेल रहे हैं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा कि रोहित शर्मा की बल्लेबाजी के लिए तारीफ होनी चाहिए। न्यूयॉर्क की पिच दुनिया की सबसे कठिन पिच है। ये अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अच्छा नहीं हो सकता।

दूसरी तरफ जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और इंग्लैंड के हेड कोच एंडी फ्लॉवर ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि एक इंटरनेशनल मैच खेलने के लिए ये अच्छी सरफेस नहीं है। उन्होंने कहा कि गेंद जिस तरह से उछल रही थई वह बहुत खतरनाक है। ये खिलाड़ियों के अंगूठे, ग्लव्स और हेलमेट पर लग रही थी। इससे किसी भी बल्लेबाज का जीवन मुश्किल में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाजों ने बहुत अच्छे से काम किया। उन्होंने डेक को तेजी से हिट किया और इसके चलते बल्लेबाजों को काफी मुश्किल हुई। किसी भी देश के बल्लेबाज को इस पर मुश्किल होती। आयरलैंड तो फिर भी एक छोटा देश है।



# टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं ये टीमें : कैफ



**मुम्बई (एजेंसी)**। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में भारत, न्यूजीलैंड और मेजबान वेस्टइंडीज के अलावा ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान में से कोई एक टीम अंतिम चार में पहुंचेगी। टी20 विश्व कप के लिए भारत और पाक को के ग्रुप ए में रखा गया है और दोनों ही टीमों के बीच 9 जून को न्यूयॉर्क में आमने-सामने होंगे। यह टूर्नामेंट का सबसे महत्वपूर्ण मुकाबला भी है। 138 आधिकारिक मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कैफ का कहना है कि उन्हें वेस्टइंडीज में चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच फाइनल दिख रहा है।

कैफ ने कहा कि किसी तरह न्यूजीलैंड ने शीर्ष 4 में जगह बना ली है, आईसीसी आयोजनों में आप उन्हें खारिज नहीं कर सकते इसलिए न्यूजीलैंड को जोड़ें। मुझे लगता है कि वेस्ट इंडीज चूंकि अपने घर में खेल रही है इसलिए घरेलू मैदान पर वह एक खतरनाक टीम हो सकती है। मुझे नहीं पता कि शायद ऑस्ट्रेलिया या पाकिस्तान में से कोई एक आ सकता है। अगर पाकिस्तान के साथ फाइनल आता है तो अच्छा है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप में एक साथ कुल सात मैच खेले हैं जहां टीम इंडिया 6 बार विजयी हुई है। पाकिस्तान को एकमात्र जीत 2021 में मिली थी।

बहरहाल, कैफ का मानना ??है कि भारत के पास 2022 के मुकाबले बेहतर टीम है। कैफ ने कहा कि पिछली बार की तुलना में हमारे पास काफी बेहतर गेंदबाजी आक्रमण है, हमारे पास चहल थे लेकिन हम उन्हें पहले एकादश में नहीं खिला सके। इस साल हमारे पास कुलदीप यादव हैं, हमारे पास अक्षर पटेल, जडेजा हैं, अच्छे स्पिनर हैं। सभी अनुभवी और विकेट लेने वाले खिलाड़ी अपने दिन पर खेल बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह पिछले साल नहीं खेले थे, वह खेलेंगे, मुझे लगता है कि वह इस विश्व कप में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने जा रहे हैं।

## एमएलसी में खेलेंगे कमिंस, फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ किया करार



**मेलबर्न (एजेंसी)**। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज पैट कमिंस अब अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी खेलेंगे। कमिंस ने इसके लिए एमएलसी टीम सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का अनुबंध है। इसी के साथ ही वह एमएलसी से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हो गये हैं। एमएलसी लीग को हाल ही में आईपीसी ने लिस्ट ए का दर्जा दे दिया था। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। कमिंस ने कहा, 'एमएलसी काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे क्रिकेट के लिए अमेरिकी बाजार में काफी क्षमता दिख रही है। कमिंस ने अब तक विदेशी लीग के तौर पर केवल आईपीएल में ही खेला है। वह 2018-19 सत्र से ऑस्ट्रेलिया की घरेलू बिग बैश लीग से भी बाहर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अगले साल जून-जुलाई में सीरीज के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और ऐसे में देखना होगा कि कमिंस तब इस टी20 लीग के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं।

सेन फ्रांसिस्को की टीम में पहले से ही ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क भी शामिल हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल, ट्रेविड हेड और स्टीव स्मिथ ने एमएलसी टीम वाशिंगटन फ्रीडम के साथ करार किया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र भी इस टीम में शामिल हैं। शाकिब अल हसन और डेविड मिलर (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), एनरिच नोर्किया और रोमारियो शेफर्ड (एमआई न्यूयॉर्क), ऐडन मार्कराम और डेरिल मिचेल (टेक्सास सुपरकिंग्स), नांद्रे बर्गर और ओबेद मैकॉय (सिएटल ओरकास) ने भी एमएलसी के साथ अनुबंध किया है

## रोहित ने टी20 में चार हजार रनों के साथ ही अपने 600 पूरे किये

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)**। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में दो अहम उपलब्धियां हासिल की है। इस मैच में अपने अर्धशतक के दौरान रोहित ने सबसे तेजी से चार हजार रन भी पूरे किये। इसके अलावा तीन छक्के लगाते ही उनके छक्कों की संख्या भी 600 से पार पहुंच गयी। रोहित ने 2860 गेंदों पर यह 4 हजार रन बनाए। इसी के साथ ही उन्होने विराट कोहली को पीछे छोड़ा। विराट ने 2900 गेंदों पर अपने 4 हजार रन पूरे किये थे। तीसरे नंबर पर पाक के बाबर आजम रहे। आजम ने 3079 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की थी। अब रोहित शर्मा और विराट कोहली ही दो ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके नाम एकदिवसीय और टेस्ट वह टी20 इंटरनेशनल में 4 हजार से अधिक रन हैं। विराट के नाम टेस्ट में 8848, वनडे में 13848 और टी20 में 4038 जबकि रोहित के नाम टेस्ट में 4137, वनडे में 10709 और टी20 में 4026 रन हैं। रोहित को यह अहम उपलब्धि हासिल करने पर बीसीसीआई की ओर से भी बधाई दी गई।

रोहित टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक के मामले में ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल के साथ संयुक्त तौर पर पहले नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 5 शतक लगाए हैं। वहीं चार शतक के साथ सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर हैं जबकि 3-3 शतक के साथ बाबर आजम और मोहम्मद वसीम तीसरे नंबर पर हैं।

रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में तीन छक्के लगाए थे। इसके साथ ही उन्होंने अपने 600वें अंतर्राष्ट्रीय छक्के भी पूरे कर लिए। रोहित ने 499वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम 551 पारियों में 553 छक्के जबकि पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के नाम 508 पारियों में 476 छक्के का रिकार्ड है।



## पांड्या पहले ही मैच में तीन विकेट लेकर इरफ़ान, हरभजन की बराबरी पर आये

न्यूयॉर्क। यहां आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के पहले ही मैच में भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सफल रहे। पांड्या को इस मैच में तीन विकेट मिले। इससे पहले काफी समय से खराब फार्म से जूझ रहे हार्दिक को राहत मिली है। इस मैच में पांड्या अपने कोटे के चार ओवर फेंकने में भी सफल रहे। इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों अर्शदीप और बुमराह ने 8 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा। हार्दिक ने 4 ओवर में 27 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया। हार्दिक इसी के साथ ही विश्व कप में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये हैं। उन्होंने 17 मैचों में 22.25 के औसत और 15.00 के स्ट्राइक रेट से 16 विकेट लिए है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 3/27 है। उनके कुल विकेट इरफ़ान पठान और हरभजन सिंह के बराबर हो गये हैं। टी20 विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा 21 विकेट रवींद्र जड़ेजा और 32 स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम हैं। इससे पहले आईपीएल में विफल रहे पांड्या ने कहा कि देश के लिए खेलना ही विशेष होता है। मैं विश्व कप में अपनी ओर से सभी प्रयास करुंगा। भगवान भी मेरे प्रति इस मामले में दयालु रहे हैं। वहीं, अक्षर द्वारा लिए गए कैच पर उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्ट प्रयास था। ऐसे कैच तब होते हैं जब आप गेम पर नजर रखते हैं।

## ऋषभ टी20 विश्वकप में तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे : राठौड़

न्यूयॉर्क। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर ही बल्लेबाजी करेंगे। ऋषभ को इस टूर्नामेंट में अभ्यास मैच के साथ ही आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भी तीसरे नंबर पर उतारा गया था जिसमें उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसके बाद से ही ऋषभ के तीसरे नंबर पर उतरने की बातें चल रहीं थीं जो सही साबित हुईं। राठौड़ ने कहा कि टी20 विश्व कप में ऋषभ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के अच्छे प्रदर्शन पर भी खुशी जताई है। इन दोनो ने ही आईपीएल से भारतीय टीम में वापसी की है। ये दोनों ही लंबे ब्रेक के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। ऐसे में सभी की नजरें इनपर रहेंगी।

भारतीय टीम ने आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में 8 विकेट से जीत हासिल की थी। इस मैच में ऋषभ ने बल्लेबाजी जबकि हार्दिक ने गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई थी। इसी को लेकर राठौड़ ने कहा, 'ऋषभ शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। इस समय हमारे लिए तीसरे नंबर का बल्लेबाज वही है और उसके बाएं हाथ का बल्लेबाज होने से भी हमें लाभ मिला है। ऋषभ तकरीबन डेढ़ साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं।

## संन्यास के बाद याद आयेंगे वार्नर : पोंटिंग



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जमकर प्रशंसा की है। पोंटिंग के अनुसार वार्नर एक स्वाभाविक विजेता खिलाड़ी हैं। इसलिए संन्यास के बाद उन्हें ही नहीं उनके द्वारा बनाए गए रनों को भी याद किया जाएगा। वार्नर इस टी20 विश्वकप के बाद खेल को अलविदा कहने जा रहे हैं। उन्होंने एकदिवसीय और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले लिया था। वार्नर को उम्मीद है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में जारी टी20 विश्व कप वह बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इस बल्लेबाज ने अपना अंतिम एकदिवसीय मैच 2023 में भारत के खिलाफ विश्व कप में खेला था जबकि अंतिम टेस्ट पाकिस्तान के खिलाफ शानदार घरेलू सीरीज में खेला था। ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप अभियान के समाप्त होने के सथ ही वॉर्नर के करियर का समापन भी हो जाएगा। पोंटिंग ने कहा, वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे आप अपनी टीम में रखना चाहते हैं, खास तौर पर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में वह और भी अहम हो जाता है। वह उन स्वाभाविक विजेताओं में से एक है। वह जो कुछ भी करता है पर जीतना चाहता है। आप मैदान में उसके रवैये और उसके क्रिकेट खेलने के तरीके को देख सकते हैं। इसलिए वार्नर के संन्यास के बाद हम रन बनाने के अलावा उनकी कई और भी विशेषताएं खो देंगे। वार्नर संन्यास के बाद लीग क्रिकेट में ही नजर आयेंगे। हाल में उन्होंने आईपीएल में खेला

## एक ओवर में पांच विकेट गिरने पर भी हैट्रिक नहीं लगा पाये थे आमिर

**मुम्बई (एजेंसी)**। क्रिकेट इतिहास में एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच हुए हैं। इन्हीं में से एक वेस्टइंडीज में हुए साल 2010 के टी20 विश्वकप में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया का मैच भी रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी के दौरान पांच विकेट गिरे थे पर इसके बाद भी गेंदबाज हैट्रिक नहीं ले पाया था जबकि ये ओवर मेडन रहा था। इस सब के बाद भी ये मैच ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत गयी थी।



इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन और डेविड हसी ने अर्धशतक लगाए थे। वॉटसन के 49 गेंदों पर 81 (7 चौके व चार छक्?के) और हसी के 29 गेंदों पर 53 (दो चौके व पांच छक्के) रन की मदद से ऑस्ट्रेलियाई टीम मजबूत स्कोर की ओर बढ़ रही थी. 16 ओवर के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 162 रन था और ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम आसानी से 200 रन से आगे बढ़ जाएगी पर 17वें ओवर में स्पिनर सईद अजमल ने हसी और वॉटसन को आउट कर दिया। इसके बाद 19वें ओवर में अजमल ने कैमरन व्हाइट का विकेट लिया। 19 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 5 विकेट पर 191 रन था।

इसके बाद पाक तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने 20 वें ओवर में पहली गेंद पर ब्रेड हेडिन को आउट करने के बाद दूसरी ही गेंद पर मिचेल जॉनसन को बोल्ड कर दिया। इसके बाद वह अगली गेंद पर हैट्रिक नहीं बना सके हालांकि बल्लेबाज रन आउट हो गया। आमिर की इस यॉर्कर को स्टीव स्मिथ खेल नहीं पाये पर बाय रन लेने के प्रयास में उनके जोड़ीदार माइकल हसी रन आउट हो गए। ओवर की चौथी गेंद पर भी यही हुआ। आमिर की एक और यॉर्कर पर नए बल्लेबा डर्क नैंस रन नहीं बना पाये और बाय रन लेने के प्रयास में स्मिथ रन आउट हो गए। इस प्रकार चार गेंद पर चार विकेट गिर गये। ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी गई ओवर की पांचवीं गेंद नए बैटर शॉन टैट खेल नहीं पाये और इस पर भी कोई रन नहीं बना। ओवर और पारी की आखिरी गेंद टैट के पैड से टकराकर विकेट पर लगी. इस तरह ओवर में 5 विकेट गिरे जबकि कोई रन नहीं बना। इस प्रकार कंगारु टीम 191 रन ही बना पायी। इसके बाद 192 रन के लक्ष्य को पाक टीम हासिल नहीं कर पायी और 157 रन बनाकर आउट हो गई।

## पेरिस ओलंपिक में बालाजी के साथ उतरेंगे बोपन्ना, एआईटीए को दी जानकारी



नई दिल्ली। भारत के शीर्ष युगल टेनिस खिलाड़ी रोहित बोपन्ना आगामी पेरिस ओलंपिक में एन श्रीराम बालाजी के साथ उतरेंगे। बोपन्ना को शीर्ष दस खिलाड़ियों में होने के कारण स्वयं ही अपना जोड़ीदार तय करने आधिकार मिला है। उन्होंने बालाजी को अपना जोड़ीदार बनाने की जानकारी भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) को भी दे दी है। चौथी वरीयता प्राप्त बोपन्ना ने फ्रेंच ओपन में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर बालाजी को अपना जोड़ीदार बनाया है हालांकि विश्व रैंकिंग में 52वें नंबर के साथ दूसरे नंबर के युगल खिलाड़ी युकी भांबरी भी दावेदारी में थे। बोपन्ना ने कहा, ''मैंने एआईटीए को एक ईमेल भेजा है।'' साथ ही कहा कि अब राष्ट्रीय महासंघ से जवाब मिलने के बाद ही वहा कोई बात कहेंगे। वहीं एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि उन्हें पेरिस ओलंपिक में 84 वीं रैंकिंग वाले बालाजी के साथ बोपन्ना के खेलने पर कोई आपत्ति नहीं है। धूपर ने कहा, ''बोपन्ना ने हमें लिखा है कि वह बालाजी के साथ खेलना चाहता है। बालाजी एक अच्छा खिलाड़ी है। उसने पाकिस्तान में भी अच्छा खेला है और मौकों का फायदा उठाया है। उसने फ्रेंच ओपन में क्ले कोर्ट पर भी अच्छा प्रदर्शन किया है। बालाजी अच्छी सर्विस करने वाला खिलाड़ी है। अगर बोपन्ना उसके साथ खेलना चाहता है तो हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''फ्रेंच ओपन के समापन के बाद आईटीएफ को अंतिम सूची प्रकाशित करने दें। हम चयन समिति की बैठक करेंगे और बोपन्ना के फैसले को पैनल को बताएंगे जो अंतिम फैसला लेगा।'' चयन समिति का नेतृत्व पूर्व डेविस कप खिलाड़ी नंदन बाल कर रहे हैं जिन्होंने यह भी संकेत दिया कि वे बोपन्ना का समर्थन करेंगे।

## सरबजोत ने म्यूनिख निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242.7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0.2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल भोपाल में भी स्वर्ण पदक जीता था। युवा भारतीय निशानेबाज ने शुरुआती पांच शॉट में तीन बार 10 से अधिक अंक जुटाकर शुरुआती बढ़त बनाई। सरबजोत ने लगातार अच्छी निशानेबाजी की और 14वें शॉट से पहले तक बढ़त बरकरार रखी जब वाल्टर ने उनकी बराबरी कर ली।



सरबजोत ने 15वें शॉट में 10.8 अंक के साथ अपना दावा मजबूत किया जबकि वाल्टर 8.6 अंक ही जुटा पाए। पांचवें नंबर पर झेंग के बाहर होने के बाद वाल्टर ने डिकेक को पछाड़कर कांस्य पदक जीता। अंतिम दो शॉट से पहले सरबजोत और बू के बीच 1.4 अंक का अंतर था और भारतीय निशानेबाज ने जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले सरबजोत पेरिस ओलंपिक के लिए चयन ट्रायल में भी शीर्ष पर रहे थे। सरबजोत ने चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था और भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का पहला पिस्टल कोटा हासिल किया था। पिछले साल एशियाई खेलों में सरबजोत ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता था।

# जीत का प्रबल दावेदार कौन, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी20 विश्व कप में रविवार को होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा।

पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा।% उन्होंने कहा, 'लेकिन उन्हें दबाव झेलना सीखना होगा। उन्हें विराट और रोहित से सीखना चाहिए। वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। बल्लेबाज के रूप में बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल है लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है।'

लतीफ ने कहा कि भारत के पास बहुत अच्छे स्पिनर हैं और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम रविवार को होने वाले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा, 'कुलदीप यादव एक ऐसा खिलाड़ी है अगर वह फिट रहता है तो पूरे विश्व कप में बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। वह भारत के लिए महत्वपूर्ण गेंदबाज है और उन्होंने अच्छी सफलताएं भी हासिल की हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए 9 जून को होने वाले मैच में भारत निश्चित तौर पर जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।'

लतीफ में इसके साथ ही कहा कि पाकिस्तान की तैयारी इस समय 2021 या 2022 जैसी नहीं है जब वह टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान की टीम ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस बार टीम उतनी तैयार नहीं दिख रही है जितनी 2021 और 2022 में थी। वनडे विश्व कप में हार के बाद टीम को काफी नुकसान हुआ तथा कप्तान और चयन समिति को बदल दिया गया।' लतीफ ने कहा, 'टीम नहीं जानती कि उसकी तरफ से पारी का आगाज कौन करेंगे। अभी तक उसने जिस खिलाड़ी को भी सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया वह नाकाम रहा।'




## खेल के लीजैंड हो आप, लुका मोडरिच ने की सुनील छेत्री की तारीफ

कोलकाता। क्रोएशिया के कप्तान और रीयाल मैड्रिड के सुपरस्टार लुका मोडरिच ने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तारीफ करते हुए उन्हें फुटबॉल का लीजैंड बताया। उन्होंने भारतीय टीम से छेत्री के आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने का भी आग्रह किया। छेत्री कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मोडरिच का वीडियो मैसेज साझा किया है जिसमें उन्होंने कहा है, 'हैलो सुनील। मैं बस तुमको हैलो बोलना और आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये शुभकामना देना चाहता हूं।' वर्ष 2018 में बलोन डिओर जीतने वाले मोडरिच ने कहा, 'तुम खेल के लीजैंड हो। ऐसे कैरियर पर बधाई। उम्मीद है कि तुम्हारे साथी खिलाड़ी इस आखिरी मैच को खास और यादगार बनाएंगे।' उन्होंने कहा, 'टीम को शुभकामनाएं और अपने कप्तान के लिए मैच जीतो। क्रोएशिया से शुभकामनाएं।' स्टिमक ने मोडरिच को इस संदेश के लिये धन्यवाद दिया।



# पेट की चर्बी को जल्द करना हैं दूर तो चलाएं रोज साइकिल



साइकिल चलाना स्वस्थ रहने का सबसे आसान तरीका है। यह एक एरोबिक एक्सरसाइज है, जिससे शरीर को बहुत से लाभ मिलते हैं। आप साइकिल चलाकर अपनी हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं और जरूरी काम भी कर सकते हैं। साइकिल चलाने से आपका शरीर एक्टिव रहता है और कई बीमारियों से राहत मिलती है। साइकिल चलाना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बेहद फायदेमंद है। लोग अपनी उम्र और क्षमता के अनुसार प्रतिदिन साइकिल चला सकते हैं। अगर आप भी फिट रहना चाहते हैं और वजन कंट्रोल करना चाहते हैं, तो दिन में कुछ वक्त साइकिलिंग जरूर करें। आज आपको रोज साइकिल चलाने के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएंगे।

**पैरों को मिलती है मजबूती**

रोज साइकिल चलाने से आपके पैरों को मजबूती मिलती है। साइकिल चलाने से आपके निचले शरीर में ओवरऑल सुधार होता है। इससे आपके जॉइंट्स पर दबाव नहीं पड़ता है और आपके पैर की मसल्स मजबूत हो जाती हैं। अपने पैरों को और भी मजबूत बनाने और अपने साइकिल चलाने के साथ वेटलिफ्टिंग जैसी कई अन्य एक्सरसाइज कर सकते हैं। यदि आप किसी चोट या बीमारी से उबर रहे हैं, तो आप कम तीव्रता से साइकिल चला सकते हैं।

**बढ़ सकती है ब्रेन पावर**

साइकिल चलाने से तनाव, एंजाइटी और डिप्रेशन जैसी फीलिंग्स को कम करने में मदद मिलती है। साइकिल चलाते समय सड़क पर ध्यान केंद्रित करने से आपको एकाग्रता और जागरुकता डेवलप करने में मदद मिल सकती है। एक अध्ययन में पाया गया कि साइकिल चलाने से वृद्ध वयस्कों की मेंटल हेल्थ में काफी सुधार होता है। अगर आप सुस्त महसूस करते हैं, तो कम से कम 10 मिनट के लिए साइकिल जरूर चलाएं। यह आपके शरीर में एंडोर्फिन हॉर्मोन को बढ़ावा देता है, जिससे तनाव कम होता है और लोग बेहतर महसूस करने लगते हैं।

**बीमारियों से होता है बचाव**

साइकिल चलाने से बीमारियों को रोकने में मदद मिलती है और कई बीमारियों से राहत मिलती है। रोज साइकिल चलाने से दिल से संबंधी समस्याओं जैसे स्ट्रोक, दिल का दौरा और हाई ब्लड प्रेशर को रोकने में मदद मिलती है। साइकिल चलाने से टाइप 2 डायबिटीज को रोकने और कंट्रोल करने में भी मदद मिल सकती है। नियमित रूप से साइकिल चलाने से शुगर वाले लोगों की मृत्यु दर 24% तक कम हो सकती है।

**कोलेस्ट्रॉल हो सकता है कम**

साइकिल चलाने के स्वास्थ्य-वर्धक प्रभाव कोलेस्ट्रॉल के स्तर को सुधारने में मदद कर सकते हैं। साइकिल चलाने से आपके स्ट्रोक और दिल के दौरे की आशंका कम हो सकती है। एक स्टडी में यह बात सामने आई थी कि इनडोर साइकिलिंग का टोटल कोलेस्ट्रॉल पर पॉजिटिव असर पड़ता है। साइकिल चलाने से एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का लेवल कम होता है।

# लीची खाने से पहले अपनाएं ये तरीका



लीची और आम का लुत्फ उठाने के लिए कुछ लोग गर्मी का इंतजार करते हैं। इनका स्वाद का इतना अच्छा होता है कि ये बड़ों से ज्यादा बच्चों की फेवरेट होती हैं। लीची अपने स्वाद ही नहीं पोषक तत्वों के लिए भी जानी जाती है। इसमें बीट, सी जैसे विटामिन के अलावा पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम समेत कई दूसरे खनीज पाए जाते हैं। सही मात्रा में लीची को खाकर दिल समेत शरीर के दूसरे अंगों को स्वस्थ रखा जा सकता है। लीची भले ही फायदेमंद हो, लेकिन ये नुकसान का कारण भी बन सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आपको लीची को खाने से पहले कौन सा छोटा काम करना चाहिए. साथ ही जानें इसे खाने का सही तरीका...

**पानी में भिगोकर खाएं लीची**

गर्मी में आने वाले हर फल की तासीर गर्म होती है इसलिए इन्हें भिगोकर खाना बेस्ट रहता है। ऐसा ही कुछ लीची के साथ भी है। इसकी तासीर गर्म होती है इसलिए खाने से पहले इसे भिगो दें। फलों या सब्जियों को उगाने में रसायन का इस्तेमाल होता है जिनसे पेट का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। लीची या दूसरे फलों को पानी में भिगो देने से उनकी तासीर तो ठंडी होती है साथ ही ये केमिकल भी काफी हद तक कम हो जाते हैं।

**ज्यादा लीची खाने के नुकसान**

अगर आप अधिक मात्रा में लीची को खाते हैं तो इससे पेट का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि लीची चाहे खाने में कितनी ही स्वादिष्ट लगे लेकिन दिन में 4 से 5 ही खानी चाहिए। इन्हें खाते समय ठीक से देख लें क्योंकि कभी-कभी इनमें कीड़े तक लगे हुए होते हैं। बच्चे बिना देखे लीची को खाने की गलती करते हैं और इससे तबीयत तक बिगड़ जाती है।

**एलर्जी और डायबिटीज**

एक्सपर्ट्स का मानना है कि जिन लोगों को किसी तरह की एलर्जी हो उन्हें लीची को खाने से बचना चाहिए। जिन लोगों डायबिटीज की बीमारी हो उन्हें लीची को कम ही खाना चाहिए। लीची रसदार फल है और इसमें नेचुरल शुगर भी ज्यादा होती है।

हद से ज्यादा लीची खाने से बॉडी में ग्लूकोज या शुगर का लेवल बिगड़ सकता है। लीची को शौक से खाएं पर इसके सेवन से पहले भिगोने या साफ करने जैसी कई बातों का ध्यान भी रखें। लीची से ज्यादातर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हाइजीन का ध्यान न रखने से होती हैं।

# महिलाओं के लिए बहुत ही पेनफुल होता है पीरियड्स का समय



पीरियड्स का समय महिलाओं के लिए बहुत ही पेनफुल होता है। इस दौरान मूड स्वींग्स, चिड़चिड़ापन, हाथों-पैरों में दर्द, कमर दर्द और पीठ दर्द का आमतौर से सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिलाएं काफी असहज भी महसूस करती हैं। कई बार पीरियड्स में होने वाली ऐंठन के कारण महिलाएं दैनिक कार्य भी नहीं कर पाती हैं। बहुत सी महिलाएं इस दौरान होने वाले दर्द को कम करने के लिए पेनकिलर भी लेती हैं। पेनकिलर की बजाएं आप दर्द को कम करने के लिए कुछ नेचुरल तरीके भी ट्राई कर सकती हैं। यहां तीन तरह की हर्ब्स के बारे में बताया गया है। आप पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द में इन हर्ब्स को भी ले सकती हैं। ये हर्ब्स पेनकिलर का काम करेंगे।

**अदरक (Ginger)**

अदरक का इस्तेमाल चाय के स्वाद को बढ़ा देता है। कई तरह की डिश मे भी अदरक का इस्तेमाल किया जाता है। अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होती है। आप पीरियड्स के दौरान भी अदरक ले सकते हैं। ये आपको दर्द से राहत दिलाने का काम करेगी। अदरक में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं। ये सूजन को भी कम करने का काम करती है। आप पीरियड्स के दौरान एक कप अदरक की चाय पी सकते हैं। ये आपको दर्द से राहत दिलाने का काम करेगी।

**अजवाइन (Celery)**

पीरियड्स के दौरान अजवाइन लेना भी बहुत फायदेमंद होता है। अजवाइन में कैल्शियम,आयरन और विटामिन बी होता है। इसमें मैग्नीशियम भी होता है। अजवाइन में भी कई औषधीय गुण होते हैं। इसमें मौजूद गुण पीरियड्स ब्लोटिंग से भी राहत दिलाते हैं। पीरियड्स को रेगुलर करने के लिए अजवाइन बहुत ही फायदेमंद है। अजवाइन पीरियड्स के दर्द से राहत दिलाने का काम करती है।

# पालक का जूस ही नहीं, पानी भी है बेहद लाभकारी



पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियां सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती हैं। हरी पत्तेदार पालक की सब्जी आपके शरीर को विटामिन, मिनिरल और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करती है, इसलिए आपको इसे अपने आहार में शामिल करने के साथ ही इसको जूस के रूप में जरूर लेना चाहिए। पोषक तत्वों से भरपूर पालक की बाजारों में सबसे अधिक मांग होती है। आप ताजा पालक को मिक्सर में डाल कर पानी के साथ पीस कर खा सकते हैं। हालांकि ज्यादातर लोग इसको पकाकर खाने की सलाह देते हैं, लेकिन यदि आप इसका जूस निकाल कर पीएंगे तो सेहत के लिए अच्छा होगा। कई बार लोग पालक पनीर, पालक पराठा या सब्जी बनाने के लिए इसके पत्तों को उबालते हैं तो, इसके पानी को फेंक देते हैं। जबकि, इस पानी में सबसे ज्यादा माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होता है। इस पानी का सेवन करेंगे तो कई शारीरिक बीमारियों से बचे रहेंगे। तो आइए जानते हैं इसका सेवन करने से होने वाले लाभ...

**पेट के लिए फायदेमंद है**

पालक का पानी पेट के लिए, कई प्रकार से फायदेमंद है। पालक के पोषक तत्वों में आहार फाइबर भी शामिल है। ये आपका मेटाबोलिज्म बढ़ाता है और पेट के काम काज को तेज करता है। इससे कब्ज की समस्या नहीं होती है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाता है पालक का पानी**

पालक के पानी में ल्यूटिन और जेक्सथिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। साथ ही इसमें इसमें विटामिन ए पाया जाता है जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। यदि विटामिन ए की कमी हो जाए तो यह सूखी आंखें और रतौंधी का कारण बन सकता है।

**स्वास्थ्य के साथ निखारता है रूप**

**बालों के लिए फायदेमंद पालक का पानी**

पालक के पानी का सेवन सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है। इसमें कई प्रकार के न्यूट्रिएंट्स जैसे आयरन और प्रोटीन होता है जो कि बालों को अंदर से मजबूत और खूबसूरत बनाने में मदद करता है।

**स्किन हेल्दी रखता है पालक का पानी**

पालक का पानी पीना आंखों और बालों के साथ ही स्किन को भी हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। पालक का पानी शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है। इससे चलते शरीर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और स्किन अंदर से ग्लो करती है।



**इम्यूनिटी बढ़ाता है पालक का पानी**

पालक में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसलिए, पालक का पानी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। इसमें प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होने से शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और पुरानी बीमारियों से खत्म होती हैं।

**कैंसर को रोकता है पालक का पानी**

पालक जहां दिल से संबंधित बीमारियों को रोकने में मदद कर सकता है, वहीं यह कैंसर को भी नष्ट करने में मदद कर सकता है। शोध2 बताते हैं कि हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से वजन कम हो सकता है।

# इन आसान स्टेप्स में बनाएं केमिकल फ्री जेल आई लाइनर



आज के समय में आंखों पर काजल और आईलाइनर हर लड़की को पसंद होता है। इसलिए आपको बाजार में कई कलरफुल आई लाइनर आसानी से मिल जाते हैं। वहीं लाइनर की भी डिफरेंट वैराइटीज होती हैं जैसे- मैट आईलाइनर, काजल आईलाइनर, ड्राय आईलाइनर या जेल आईलाइनर आदि। लेकिन आजकल जेल आईलाइनर सबसे ज्यादा ट्रेंडिंग है क्योंकि जेल आईलाइनर को एक नहीं कई तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में आज हम आपके लिए घर पर जेल आईलाइनर बनाने की विधि लेकर आए हैं।

**बनाने के लिए सामग्री-**

कंटेनर एक छोटा, 2-4 बूंदें आई प्राइमर, 2-3 बूंदें नारियल तेल

**जेल आईलाइनर कैसे बनाएं?**

घर पर जेल आईलाइनर बनाने के लिए आप सबसे पहले 1 खाली कंटेनर लें।

फिर आप इसमें 2-4 बूंदें आई प्राइमर और 2-3 बूंदें नारियल तेल डालें।

इसके बाद आप इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर स्मूद बना लें।

फिर आप इसमें अपना कोई भी पसंदीदा कलर डालकर अच्छे से मिलाएं।

जेल आईलाइनर का इस्तेमाल आप 2 तरीकों से कर सकते हैं।।।

**पहला तरीका**

अगर आप स्मोकी आई चाहती हैं तो इसके लिए आप अपनी आंखों के ऊपर आई लाइनर लगाएं। फिर आप लाइनर को एक स्मज ब्रश की सहायता से आंखों के लिड पर फैलाएं। अगर आप चाहें तो आप इसके ऊपर ग्लीटर लगा सकती हैं। अब आपका मेकअप लुक तैयार है।

**दूसरा तरीका**

अगर आप काजल लगाना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप इस आई लाइनर को अपनी आंखों पर काजल की तरह से भी लगा सकती हैं। गर्मी के मौसम में ये स्मज भी नहीं होता है। इसके साथ ही इससे आपकी आंखे ज्यादा हाईलाइट भी होती है।

# हद से ज्यादा लहसुन खाएंगे तो पड़ जाएंगे लेने के देने



लहसुन एक ऐसा मसाला है जिसका इस्तेमाल भारतीय किचन में काफी ज्यादा होता है, इसे अगर रेसेपीज में मिला दिया जाए तो स्वाद में जबरदस्त इजाफा होता है, साथ ही ये हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद है, हालांकि कुछ लोग तेज गंध के कारण इसे खाना पसंद नहीं करते। लहसुन में कई तरह के न्यूट्रिएंट होते हैं जिनमें विटामिन बी, कैल्शियम, कॉपर, पोटेशियम, फॉस्फोरस और आयरन शामिल हैं। इतने फायदों के बावजूद लहसुन के कुछ नुकसान भी हैं इसलिए इसे सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए।

**मुंह से बदबू आना:** लहसुन की तासीर गर्म होती है, इसलिए, सर्दी से जुड़ी बीमारियों में लोग इसकी कलियां चबाते हैं, लेकिन कुछ लोग इसे जरूरत से ज्यादा खाने लगते हैं जिसकी वजह से तेज गंध आती है जिससे आसपास में मौजूद लोगों को परेशानी होती है।

**लो ब्लड प्रेशर:** जिन लोगों का ब्लड प्रेशर कम रहता है उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए क्योंकि इससे लो बीपी यानी हाइपोटेंशन सकता है, जिससे शरीर में कमजोरी और थकान होने लगती है।

**सीने में जलन :** अगर आप तय मात्रा से ज्यादा लहसुन खाते हैं तो हार्ट बर्न की प्रॉब्लम हो सकती है। दरअसल लहसुन में एसिडिक कंपाउंड होते हैं इसलिए अगर इसे ज्यादा कंज्यूम किया जाए तो सीने में तेज जलन होने का खतरा बना रहता है। कई बार ये बर्दाश्त से बाहर भी हो जाता है, इसलिए सावधानी जरूरी है।

# डार्क अंडरआर्म्स को घरेलू उपायों से करें दूर

## स्लीवलेस ड्रेस में नहीं होगी परेशानी

गर्मी के मौसम में बिना बाजू वाले ड्रेस पहनना लोग काफी पसंद करते हैं। ये कंफर्टेबल होते हैं और गर्मी में दिखते भी अच्छे हैं। लेकिन कई लोगों की समस्या होती है कि ऐसे कपड़े पहनने से उनके अंडर आर्म का कालापन नजर आता है और सभी की नजरें उनके डार्क अंडरआर्म पर अटती है। अगर आप भी ऐसी समस्या से परेशान हैं तो यहां हम आपके साथ कुछ ऐसे घरेलू उपाय शेयर कर रहे हैं जिसकी मदद से आप अपने अंडर आर्म की स्किन को ब्राइट और क्लीन बना सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे?



**नींबू का इस्तेमाल-**

नींबू की मदद से आप अपने काले अंडरआर्म के दाग को कम कर सकते हैं। इसके लिए आप आधा नींबू काट लें और यहां की स्किन पर लगा लें। आधे घंटे के बाद नहा लें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो आप पैच टेस्ट के बाद ही इसका इस्तेमाल करें।

**एप्पल साइडर विनेगर-**

एप्पल साइडर विनेगर में भी माइल्ड ब्लीच के गुण हैं जो नेचुरल क्लीनर की तरह भी काम कर सकता है। आप इसकी मदद से स्किन के कालेपन को कम कर सकते हैं। इसके लिए आप एक कॉटन को एप्पल साइडर विनेगर में डुबाएं और से स्किन पर लगाएं। ऐसा रोज करने पर दाग चले जाएंगे।

**नारियल तेल-**

नारियल तेल स्किन के लिए कई तरह से फायदेमंद है। यह स्किन को नरिश तो करता ही है, डार्क स्किन की समस्या को भी दूर कर सकता है। आप रोज रात में अंडरआर्म की स्किन पर नारियल तेल लगाएं और रातभर छोड़ दें। स्किन पर निखार आएगा।

**बेकिंग सोडा-**

बेकिंग सोडा की मदद से आप स्किन को ब्राइट और क्लीन बना सकते हैं। इसके लिए सप्ताह में एक या दो दिन बेकिंग सोडा और पानी को मिलाकर एक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को त्वचा पर लगाएं। 15 मिनट के बाद स्किन से इसे अच्छी तरह से धो लें।

**एलोवेरा-**

आप ताजा एलोवेरा के पत्तों से जेल निकालें और इसे अंडर आर्म की स्किन पर लगाएं। आप नहाने के बाद या सोने से पहले भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। धीरे धीरे स्किन के रंगत में अंतर नजर आने लगेगा।

# रोजाना कुछ देर करें सिर का मसाज

## सिरदर्द और तनाव को भगाएं दूर



भागदौड़ भरी और तनावपूर्ण जीवनशैली के चलते इन दिनों ब्रेक लेना और आराम करना काफी जरूरी हो गया है। बहुत से लोग अपने कार्यालयों में कंप्यूटर स्क्रीन पर बैठकर लंबे समय तक बैठे रहते हैं। गतिहीन जीवन शैली कई स्वास्थ्य समस्याओं का एक प्रमुख कारण है। डेस्क पर लंबे समय तक बैठने के कारण आपको सिर, गर्दन और कंधों में भी खिंचाव महसूस हो सकता है। शारीरिक गतिविधि की कमी और तनावपूर्ण काम के घंटों के परिणामस्वरूप सिरदर्द, माइग्रेन, गर्दन का दर्द और अन्य शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। नियमित सिर की मालिश करके आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह तनाव और चिंता से निपटने की क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करेगा। सिर की मालिश एक आरामदायक और चिकित्सीय तकनीक है जिसमें तनाव दूर करने के लिए खोपड़ी, चेहरे, गर्दन और कंधों पर दबाव डालना शामिल है। यदि आप आराम करने और अपने सिर को हल्का करने के लिए सही तरीके की तलाश कर रहे हैं, तो यह आराम करने का एक शानदार तरीका हो सकता है, तो चलिए जानते हैं सिर की मसाज करने के बेहतरीन फायदे....

**तनाव से राहत**

सिर की मालिश सिर, गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को आराम देकर तनाव और तनाव को कम करने में मदद कर सकती है। यह आपको शांति और विश्राम का अनुभव करने में मदद कर सकता है।

**सिरदर्द और माइग्रेन से राहत दिलाता है**

सिर की मालिश तनाव को कम करके सिरदर्द और माइग्रेन से राहत दिलाने में मदद कर सकती है। एक सिर की मालिश भी एंडोर्फिन को रिलीज करने में मदद करती है। यह हार्मोन दर्द को दूर करने और तनाव को कम करने में मदद करता है।

**बालों के विकास को बढ़ावा देता है**

सिर की मालिश खोपड़ी में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करके बालों के विकास को प्रोत्साहित कर सकती है। एक मालिश खोपड़ी से मृत त्वचा कोशिकाओं और सीबम के निर्माण को हटाने में मदद कर सकती है।

**नींद की गुणवत्ता में सुधार**

तनाव और तनाव के कारण नींद की गुणवत्ता काफी प्रभावित होती है। सिर की मालिश के बाद आप तनाव और चिंता से राहत पाकर आराम महसूस कर सकते हैं। इससे आपको अच्छी नींद लेने में मदद मिलेगी।





# अंडरकवर एजेंट का किरदार निभाएंगी आलिया

वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स फ्रेंचाइजी के चर्चे हर तरफ हो रहे हैं। अब हर स्टार इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना चाहता है। दीपिका पादुकोण और कटरीना कैफ के बाद अब आलिया भट्ट भी इस स्पाई यूनिवर्स की लीड एक्ट्रेस बन गई हैं। आलिया की ये फिल्म लगातार लाइमलाइट में छाई हुई है। एक्ट्रेस के फैन्स इस फिल्म से जुड़ी हर अपडेट पर अपनी नजरें बनाए हुए हैं। इस बीच फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले ही आलिया भट्ट के रोल का खुलासा हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार आलिया भट्ट स्पाई यूनिवर्स के अगले पार्ट में एक अंडरकवर एजेंट का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। फैन्स आलिया की इस पिक्चर के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और डायरेक्टर शिव रवैल दोनों ही फिल्म के शेड्यूल वर्क को लेकर काफी बिजी चल रहे हैं। मेकर्स ने अंधेरी में वाईआरएफ स्टूडियो में एक महीने की शूटिंग की प्लानिंग की है। आलिया फिल्म में जबरदस्त एक्शन करती हुई नजर आएंगी। पिक्चर में उनकी एंट्री भी एक्शन से भरपूर होगी। एक रिपोर्ट की मानें तो आलिया का सेट पर पहले ही दिन एक इंटेंस एक्शन सेट-पीस शूट किया जाएगा। शरवरी फिल्म में आलिया की बहन का रोल निभाती हुई नजर आएंगी। एक रिपोर्ट की मानें तो डायरेक्टर शूटिंग के पहले शेड्यूल में कई सारे फाइट सीक्वेंस शूट करने की प्लानिंग कर रहे हैं। आलिया के इंट्रोडक्शन सीन को शूट करने के बाद शरवरी फिल्म की टीम को जॉइन करेंगी, जिसके बाद एक और मेसिव एक्शन-पीस शूट किया जाएगा। फिल्म के सेट से कुछ भी लीक न हो इसके लिए आदित्य ने टाइट सिक्योरिटी के इंतजाम करवाए हैं और शूटिंग के दौरान कम लोगों को ही सेट पर आने की परमिशन दी जाएगी। क्रू टीम भी लिमिटेड होगी। फिल्म की शूटिंग मुंबई के अलावा यूके में भी की जाएगी। जहां आलिया अपने मिशन के लिए जाएंगी। माना जा रहा है कि फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आ सकते हैं। उनके किरदार को लेकर कहा जा रहा है कि वह आलिया के मेंटोर के रोल में नजर आएंगे। आलिया फिल्म में एक्शन परफॉर्म करने के लिए इंटरनेशनल एक्शन कोरियोग्राफर से ट्रेनिंग भी ले रही हैं।

# काजोल से अपनी तुलना को लेकर तनीषा नहीं होती हैं परेशान

फिल्म अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी बॉलीवुड की सुपर स्टार काजोल की बहन हैं। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं मिली जो काजोल को मिली है। हाल ही में तनीषा खुलकर अपने करियर और काजोल से अपनी तुलना के विषय में बातें करती नजर आईं। तनीषा मुखर्जी बॉलीवुड एक फिल्मी परिवार से आती हैं। उनकी बहन काजोल के अलावा उनकी मां तनुजा भी एक दिग्गज कलाकार हैं।



तनीषा ने कहा, 'मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे एक ऐसी जिंदगी मिली है जहां मैं आराम से अपनी मर्जी से जी रही हूं। मुझे जो कुछ भी चाहिए वह मिला और मुझे इसके लिए काम पड़ा। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि लोग मेरी तुलना काजोल करते हैं'। तनीषा मुखर्जी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'हर किसी की अपनी एक यात्रा होती है। मेरा करियर काजोल के करियर से काफी अलग है। मैं जानती हूं मेरा करियर उतना अच्छा नहीं है जितना काजोल का है और मैं इस बात से दुखी नहीं हूं। मुझे पता है उन्होंने 16 साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कितनी मेहनत की है इसकी गवाह मैं हूं'। अपनी मां तनुजा और काजोल के बारे में बातें करते हुए तनीषा कहती हैं, 'मैं और मेरी एक अलग किस्म का बांड साझा करते हैं। मैं और मेरी मां दोस्त जैसे रहते हैं। मुझे पता ही नहीं चला काजोल भी कब बड़ी बहन से मेरी मां जैसी हो गईं। वे मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव हैं और जैसी की सभी माएं होती हैं वैसे ही वे भी थोड़ी सख्त हैं'।

# 34 साल छोटी एक्ट्रेस संग इश्क लड़ाएंगे अनिल कपूर!



अजय देवगन के पास फिलहाल कई सारी फिल्में पाइपलाइन में मौजूद हैं। एक्टर लगातार अपनी एक बाद एक फिल्मों पर काम कर रहे हैं। एक तरफ जहां उनकी अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगने' इस साल रिलीज होने वाली है। वहीं अजय लगातार फिल्में साइन किए जा रहे हैं। हाल ही में उनकी 'दे दे प्यार दे 2' की शुटिंग भी शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय के साथ रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में नजर आने वाली हैं।

वहीं अब अनिल कपूर के फिल्म में होने की खबर सामने आई तो उनके रोल को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई। कहा जा रहा था कि 'दे दे प्यार दे 2' में अनिल रकुल के पिता के रोल में नजर आएंगे। लेकिन अब ताजा रिपोर्ट की मानें तो 67 साल के अनिल कपूर पिता नहीं बल्कि प्रेमी के रोल में हैं। खबरों की मानें तो अनिल और रकुल के बीच फिल्म में रोमांस दिखाया जाएगा। एक्ट्रेस पिक्चर में अनिल कपूर और अजय देवगन दोनों के साथ रोमांस करेंगी। 'दे दे प्यार दे' की बात करें तो इसकी कहानी 50 साल के एक आदमी के 20 साल की उम्र की लड़की से प्यार करने की थी। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि दूसरे पार्ट की कहानी क्या होगी। हालांकि अभी तक अनिल और रकुल के रोल को लेकर किसी भी तरह की कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन 67 साल की उम्र में अनिल को इश्क लड़ाता देखना काफी मजेदार होने वाला है।

# ब्रेकअप के बाद फिर साथ आए दिशा और टाइगर!





*दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ को लेकर बड़ी खबर आ रही है। एक्ट्रेस ने एक इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। फैंस का कहना है कि दिशा के दिल में आज भी एक्स बॉयफ्रेंड टाइगर के लिए फीलिंग्स है। दिशा का ये पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। इसे पढ़कर सोशल मीडिया पर खलबली मच गई है। हर कोई कपल को बधाई भी दे रहा है। दिशा पाटनी अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। ऐसे में एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने टाइगर श्रॉफ की मम्मी आयशा श्रॉफ को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।*

उन्होंने जो कैप्शन दिया उसने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दिशा हमेशा से टाइगर श्रॉफ के परिवार के साथ अच्छा रिश्ता रखती आई हैं। वह उनके हर सेलिब्रेशन या बर्थडे में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। एक्ट्रेस ने एक्स बॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ की मां को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, "मेरी खूबसूरत आंटी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। तुमसे प्यार है।" इसके बाद फैंस दिशा और टाइगर को साथ में आने के लिए कमेंट कर रहे हैं। दिशा पाटनी ने जो आयशा श्रॉफ के लिए पोस्ट किया है उस पर एक यूजर ने लिखा, "ये टाइगर के लिए लिखा गया है।" दूसरे ने लिखा, "टाइगर श्रॉफ से ब्रेकअप और मां से इतना अच्छा रिश्ता।" तीसरे ने लिखा, "दिशा आखिर आपकी दिशा क्या है जाना कहां है।" यूजर्स ऐसे कई कमेंट कर रहे हैं। हालांकि, दोनों ने कभी एक-दूसरे को डेट करने की बात स्वीकार नहीं की, लेकिन उन्होंने हमेशा कहा है कि वे करीबी दोस्त हैं।

# हार्दिक पांड्या संग तलाक की अफवाहों के बीच नताशा ने दी गुड न्यूज





हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक तलाक की अफवाहों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच नताशा ने एक गुड न्यूज दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिससे सभी हैरान होने के साथ-साथ खुश हैं। आइए बताते हैं कि आखिर नताशा ने ऐसे क्या पोस्ट किया है। नताशा स्टेनकोविक ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इस स्टोरी में नताशा ने पालतू जानवर की तस्वीर शेयर की, जिसने पिंक कलर की टी-शर्ट पहनी है। हालांकि, जिस चीज ने नताशा की स्टोरी पर ध्यान खींचा वह तस्वीर पर लिखा टेक्स्ट था। नताशा ने तस्वीर के साथ लिखा, बेबी रोवर पांड्या। नताशा ने इस नए पोस्ट में क्रिकेटर हार्दिक का सरनेम जोड़कर अपने और हार्दिक पांड्या के तलाक की अफवाहों पर फुलस्टॉप लगा दिया है।

# प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' के प्रमोशन की तगड़ी प्लानिंग!

*साउथ एक्टर से लेकर पैन इंडिया स्टार तक का सफर तय कर चुके सुपरस्टार प्रभास की फिल्मों के लिए फैन्स के बीच जबरदस्त बज रहता है। मेकर्स भी फैन्स की एक्साइटमेंट को बरकरार रखने के लिए फिल्म से जुड़े अपडेट्स शेयर करते रहते हैं। प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' तेलुगु सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का इंतजार हर कोई दिल थामकर कर रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है जब प्रभास ने महंती फेम नाग अश्विन के साथ किसी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। इस फिल्म के चर्चे हर तरफ जोरों-शोरों के साथ हो रहे हैं। 5 मई को मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान किया था। 10 जून को इस पिक्चर का ट्रेलर ग्रैंड लेवल पर रिलीज किया जाएगा। इसी बीच पता चला है कि साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी 'कल्कि 2898 एडी' का*



*तगड़ा प्रमोशन किया जाएगा। मेकर्स अपनी प्रमोशन स्ट्रेटजी की प्लानिंग कर रहे हैं। हो भी क्यों न प्रभास की इस अपकमिंग फिल्म में दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन लीड रोल में नजर आने वाले हैं। ऐसे में बॉलीवुड में प्रमोशन करना तो बनता है। 'कल्कि 2898 एडी' में दीपिका और अमिताभ का दमदार रोल होने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार फिल्म को प्रमोट करने के लिए मुंबई में एक बड़ा इवेंट ऑर्गनाइज करने की प्लानिंग की जा रही है। ये एक प्री-रिलीज इवेंट की तरह होने वाला है, जिसे ग्रैंड लेवल पर होस्ट किया जाएगा। फिलहाल मेकर्स एक वेन्यू की तलाश में जुटे हुए हैं। इस इवेंट में मेकर्स कुछ बड़ी अनाउंसमेंट भी कर सकते हैं। प्रभास की फिल्मों से फैन्स को काफी उम्मीदें होती हैं। अब जब प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण भी 'कल्कि 2898 एडी' में लीड रोल में नजर आने वाली हैं, तो इस फिल्म के ब्लॉकबस्टर होने की गारंटी मानी जा रही है। दीपिका किसी भी फिल्म को साइन करने से पहले काफी सोच-विचार करती हैं। अगर वो इस फिल्म को कर रही हैं, तो यकीनन ये बड़ी हिट होने वाली है।*

# ब्रेकअप की खबरों के बीच अस्पताल पहुंचे अर्जुन कपूर!



अर्जुन कपूर इन दिनों मलाइका अरोड़ा संग अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्टर ने हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें से एक तस्वीर ने अर्जुन के फैंस की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल वायरल हो रही फोटो में अर्जुन को आईवी ड्रिप लगे हुए देखकर फैंस परेशान हो गए। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की शेयर की गई तस्वीरों की सीरीज में से एक में एक्टर के हाथ में आईवी ड्रिप लगी हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान अर्जुन कपूर बिस्तर पर लेटे दिख रहे हैं। इस तस्वीर की वजह से एक्टर की हेल्थ को लेकर फैंस की टेंशन बढ़ गई है। वहीं फोटोज शेयर करते हुए अर्जुन ने लिखा, "पिछली बार."

# काजोल के साथ हनीमून पर परेशान हो गए थे अजय

बॉलीवुड कपल अजय देवगन और काजोल की लव स्टोरी के चर्चे आए दिन होते ही रहते हैं। आज भी ये कपल हंसी-खुशी अपनी जिंदगी गुजार रहा है। लेकिन कम ही लोग ये बात जानते हैं कि शादी के बाद जब अजय और काजोल हनीमून पर निकले तो उन्हें जल्द ही वापस घर लौटना पड़ गया।



एक पुराने इंटरव्यू के दौरान काजोल ने खुद इस बात का खुलासा किया था। एक्ट्रेस की मानें तो उन्होंने 2 महीने के लिए हनीमून पर जाने का प्लान बनाया था। अजय से शादी करने से पहले उन्होंने ये सवाल उनसे पूछा भी था कि क्या वो उन्हें लेकर चलेंगे। तब काजोल के प्यार में डूबे अजय ने हामी तो भर दी थी। लेकिन जब वो हनीमून पर गए तो कुछ ही दिन में बीमार पड़ गए और उन्हें घर लौटना पड़ा। अजय हनीमून पर अपने घर को बहुत याद कर रहे थे। वो होमसिक हो गए थे। हालांकि बाद काजोल ने ये भी बताया था कि ये हनीमून अजय का एक टेस्ट था। काजोल ने कहा- क्या तुम सच में मुझसे शादी करना चाहते हो? मुझे बताओ। अगर तुम सच में मुझसे शादी करना चाहते हो तो तुम मुझे हनीमून पर ले चलोगे। अजय ने कहा 'ओके बेबी'। लेकिन हनीमून के अंत में, वह थक गए। इसके अंत तक उसे घर की बहुत याद आने लगी। 40 दिनों के बाद उसे ऐसा लगा कि 'मैं थक गया हूँ, मुझे बुखार है।' वह बीमार होकर घर आया! तो मैंने कहा, 'ठीक है, हम अब वापस जा सकते हैं।"

# 'इसी गंदगी की वजह से छोड़ा था ट्विटर'



देश के सबसे पॉपुलर सिंगर्स में से एक सोनू निगम का नाम हाल ही में विवादों में घिरा नजर आया। मंगलवार को अब लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आए, तो अयोध्या से बीजेपी प्रत्याशी का हार जाना काफी चर्चा में रहा। इस हैरानी भरे नतीजे को लेकर सोशल मीडिया पर जनता बहस करती नजर आई। और इसी बहस में अचानक सोनू निगम का नाम भी उछल गया। उनके ही नाम वाले एक अकाउंट से अयोध्या के चुनावी नतीजे को लेकर, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट हुई। इस पोस्ट को लेकर लोगों ने सोनू निगम को टारगेट करना शुरू कर दिया। मगर वो असल में सोनू निगम थे ही नहीं! अब सोनू निगम ने इस पूरे मामले पर सफाई दी है। सोनू ने आगे कहा, 'इसी गन्दगी ने मुझे 7 साल पहले ट्विटर छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। मैं सेंसेशनल पॉलिटिकल कमेंट्स करने में यकीन नहीं रखता और मैं सिर्फ अपने काम पर फोकस करता हूं। सोनू ने कहा कि उनके नाम से सोशल मीडिया अकाउंट चलाने वाला ये व्यक्ति पिछले कुछ समय से ऐसी हरकतें कर रहा है और उन्हें अक्सर अपने शुभचिंतकों से उसके पोस्ट के स्क्रीनशॉट मिलते रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने इस यूजर को कांटेक्ट किया है और कहा है कि वो 'सोनू निगम' होने का नाटक बंद करे। उसने कहा है कि इसका कुछ हल निकाला जाएगा। रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस सोशल मीडिया अकाउंट को कई बड़ी शख्सियतों समेत, प्रधानमंत्री मोदी और कुछ मंत्रियों के सोशल मीडिया हैंडल से भी फॉलो किया जाता है। लेकिन ये घटना चिंताजनक है, मेरे लिए ही नहीं, मेरे परिवार की सुरक्षा के लिए भी।' सोनू ने कहा, 'मुझे हैरानी होती है कि कैसे न्यूज चैनल्स समेत, लोगों ने उसे मुझ से कन्फ्यूज कर लिया और उस अकाउंट को लेकर एक बेसिक चेक भी नहीं किया। उसका हैंडल कहता है 'सोनू निगम सिंह' और डिस्क्रिप्शन कहता है कि वो बिहार का एक क्रिमिनल लॉयर है।'

# अपनी इन 7 फिल्मों से आर माधवन यूं कर लेंगे 1000-2000 करोड़ का कारोबार

मैडी का किरदार निभाकर आर माधवन घर-घर में मशहूर हो गए थे। आर माधवन ने साउथ और बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी काम किया है। अपनी दमदार एक्टिंग के जरिए एक्टर ने फैन्स के दिलों में अपनी खास जगह बनाई हुई है। हाल ही में उन्हें अजय देवगन की 'शैतान' में देखा गया। नेगेटिव रोल में आर माधवन छा गए। हर किसी ने उनके काम की तारीफ की। फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। अब आर माधवन बॉक्स ऑफिस हिलाने की तैयारियों में जुट गए हैं। बड़े-बड़े सितारों को टक्कर देने के लिए आर माधवन अपनी अपकमिंग फिल्मों पर जमकर काम कर रहे हैं। एक्टर के पास एक या दो नहीं बल्कि 7-7 फिल्में मौजूद हैं। मैडी की आने वाली फिल्मों से उम्मीद की जा रही है कि वो एक बार फिर से इंडस्ट्री में सबकी छुट्टी कर देंं। चलिए जानते हैं आर माधवन की आने वाली फिल्मों में कौन-कौन सा नाम शामिल है।

**दे दे प्यार दे 2** – अजय देवगन 'दे दे प्यार 2 दे' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में आर माधवन भी नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। ये फिल्म 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

**शैतान 2** – 'शैतान' के हिट होने के बाद अब मेकर्स 'शैतान 2' लाने की तैयारी में जुट गए हैं। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया है। आर माधवन ने फिल्म में विलेन बनकर धमाका कर दिया है। ऐसे में इस पिक्चर में भी अजय देवगन और आर माधवन की जोड़ी देखने को मिलेगी।

**सूर्या 43** – आर माधवन की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में 'सूर्या 43' का नाम शामिल है। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार सूर्या लीड रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म पर लगातार काम जारी है। दिसंबर तक इस पिक्चर को रिलीज किया जा सकता है।

**शंकरा** – इस फिल्म आर माधवन और अक्षय कुमार की जोड़ी साथ नजर आने वाली है। 'शंकरा' की कहानी फिल्म 'द केस डैट शुक द एंपायर' पर बेस्ड होने वाली है। इस फिल्म को लेकर भी उम्मीद की जा रही है कि ये 2024 में ही रिलीज हो सकती है।

**सनग्लास** – आर माधवन के फैन्स इस फिल्म का लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि मेकर्स या स्टार की तरफ से 'सनग्लास' को लेकर कोई नया अपडेट सामने नहीं आया है।

**चंदा मामा दूर के** – आर माधवन की ये फिल्म काफी चर्चा में रह चुकी है। इस में आर माधवन और सुशांत सिंह राजपूत नजर आने वाले थे। लेकिन सुशांत के निधन के बाद ये फिल्म अटक गई है। फिलहाल इस पर कोई अपडेट नहीं है।



**तनु वेड्स मनु 3** – इस फिल्म के पिछले दोनों पार्ट्स हिट साबित हुए हैं। फिल्म में आर माधवन और कंगना रनौत की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। ऐसे में मेकर्स 'तनु वेड्स मनु 3' पर विचार कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इसका ऐलान भी जल्द ही हो सकता है।

# सीईओ ने सैकड़ों श्रमिकों को खिलाया भोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने सेक्टर-94 लेबर चौक में सैकड़ों लोगों को भोजन वितरित किया।

## सेक्टर-44 लेबर चौक पर कम्युनिटी किचेन का शुभारंभ




इस कम्युनिटी किचेन का शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण व इस्कॉन मंदिर के सौजन्य से किया गया है। इस दौरान 488 श्रमिकों ने भोजन ग्रहण किया। नौएडा प्राधिकरण की इस पहल की श्रमिकों द्वारा काफी सराहना की गयी।

सीईओ डा. लोकेश एम ने कहा कि भविष्य में कम्युनिटी किचन का आयोजन सस्ती दरों पर नौएडा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कराया जाएगा। कम्युनिटी किचन में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए एवं परोसे जाएंगें। कम्युनिटी किचन में लोग अपने परिवार के साथ जन्म दिन, पुण्य तिथि एवं शादी की वर्षगांठ पर आ सकेंगें एवं अपनी इच्छानुसार इस रसोई में अपना योगदान कर सकेंगें। किचन प्रबन्धन द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम का एक डाटाबेस बनाया जाएगा। जो लोग अन्न दान के इच्छुक होंगें, वे अपना योगदान दे सकते हैं। नियत तिथि में स्वयं अथवा उनके परिवारजन आकर यहां भोजन वितरण में सहयोग कर सकते है।

कार्यक्रम के दौरान नौएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के अलावा मुख्य विधि सलाहकार आर0 पी0 गुप्ता, उप महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एस0 पी0 सिंह, उप महाप्रबन्धक (सिविल) विजय रावल, परियोजना अभियंता (जन स्वा0- 7)गौरव बंसल, परियोजना अभियंता (जन स्वा0- ॥॥) आर0 के0 शर्मा, परियोजना अभियंता (वर्क सर्किल-3) राजकमल, जन स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम एवं मेसर्स गाइडेड फार्च्यून समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# यह रिकॉर्ड जीत यहां के युवाओं की जीत है : डा. महेश शर्मा

## उप्र युवा व्यापार मंडल ने बड़ा हार पहनाकर किया भव्य स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर से डा. महेश शर्मा को मिली



ऐतिहासिक जीत के बाद उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों ने कैलाश सभागार जाकर डा. महेश शर्मा को बड़ा हार पहनाकर स्वागत किया। सबसे पहले डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि यह विजय युवाओं की विजय है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड जीत मोदी जी के साथ साथ युवाओं की भी देन है। सोसायटियों में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए डॉक्टर महेश शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन की भूरी भूरी प्रशंसा की।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि इस बार गौतमबुद्धनगर विकास की नई ऊंचाइयों को छुयेगा। युवा व्यापार मंडल हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंगल ने कहा कि हमें ऐसा दमदार नेता मिला है जो हमेशा हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है।

संरक्षक मूल चंद गुप्ता ने कहा की डॉक्टर महेश शर्मा नोएडा की रीढ़ की हड्डी है। इनके बिना गौतमबुद्ध नगर कभी भी विकास नहीं कर सकता। पंकज अग्रवाल ने कहा डॉक्टर शर्मा जैसे नेता मिलना किस्मत की बात होती है। प्रदेश महामंत्री प्रवीन गर्ग ने कहा कि हम केंद्रीय नेतृत्व से अनुरोध करता है की रिकॉर्ड मतों से जीत के बाद सांसद को एक बड़ा मंत्रालय मिले जिससे गौतम बुद्ध नगर का और ज़्यादा विकास हो सकेगा।

जिला सचिव शिवा चौहान ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा ने रिकॉर्ड जीत से गौतमबुद्धनगर का मान बढ़ाया है।

# ‘डॉ. महेश शर्मा को बनाया जाए स्वास्थ्य मंत्री’

## ब्राह्मण समाज महासंघ ने की भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मांग



नोएडा। ब्राह्मण समाज महासंघ ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मांग की है कि तीसरी बार गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक मतों से विजयी डॉ. महेश शर्मा को स्वास्थ्य मंत्री बनाया जाए।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा तथा महासचिव लोकेश त्रिपाठी का कहना है कि डॉ. महेश शर्मा ने तीसरी बार करीब 5.60 लाख मतों से जीत हासिल कर उप्र में रिकॉर्ड बनाया है। इसलिए यहां के जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया जाए। चूंकि वे स्वास्थ्य के पेशे से भी दशकों से जुड़े रहे हैं।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के. के. मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव लोकेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर झा, राष्ट्रीय सचिव राजेश शुक्ला एवं समस्त टीम ने शीर्ष नेतृत्व से मंत्री बनाये जाने की अपेक्षा जताई है।



**उप्र में सर्वाधिक मतों से जीतकर तीसरी बार सांसद बने डा. महेश शर्मा को गुलदस्ता देकर बधाई देते भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के नोएडा कैम्प कार्यालय प्रभारी जय प्रकाश प्रजापति।**

# निम्न व मध्यम वर्गों के लिए सराहनीय पहल!

## फोनरवा ने सीईओ से की अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने की मांग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बढ़ते परिवार व संपत्तियों की आकाश चूमती कीमतों के कारण अवैध निर्माण को नियमित करने के लिए फोनरवा ने अच्छी पहल की है। फोनरवा ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम को पत्र लिखकर अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने के लिए पैनल्टी नियमों को लागू करने की मांग की है।



फोनरवा अध्यक्ष योगेंद शर्मा ने बताया कि नोएडा शहर बनने के बाद, विभिन्न शहरों से लोग यहाँ आकर बसने लगे। अपनी आय के अनुसार घर और फ्लैट खरीदने लगे। बढ़ते परिवारों को समायोजित करने के लिए, कई निवासियों ने अपने फ्लैट्स आदि संपत्तियों में अनधिकृत निर्माण किया है। क्योंकि नोएडा में फ्लैट और घरों की उच्च लागत ने मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों के लिए अपना घर खरीदने का सपना भी असंभव बना दिया है। अत: अनधिकृत निर्माण वाली आवासीय संपत्तियों को नियमित करने के लिए उचित दंड नियमों को लागू करके नियमित करने का अनुरोध किया हैं। यह पहल न केवल इन परिवारों की जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि नोएडा प्राधिकरण के लिए राजस्व भी उत्पन्न करेगी।

महासचिव के के जैन ने कहा कि कई वर्षों से नोएडा प्राधिकरण ने मजदूरों और निम्न व मध्यम आय वर्ग के लिए 1BHK और 2BHK भूखंडों का निर्माण नहीं किया है। मौजूदा फ्लैटों की कीमतें बहुत अधिक हैं, और प्राइवेट बिल्डर्स अपनी आवास परियोजनाओं में मुख्य रूप से तीन, चार और पांच कमरों के फ्लैट शामिल हैं। चूंकि नोएडा एक औद्योगिक शहर है, जो रोजगार के लिए विभिन्न छोटे शहरों से मजदूरों और मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को आकर्षित करता है, आवास की उच्च लागत उनके घर के मालिक होने की उम्मीदों को खत्म करता है।

फोनरवा ने सीईओ से मांग की है कि निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए किफायती आवास परियोजनाएं विकसित करे। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए नोएडा में किफायती आवास परियोजनाओं की शुरुआत कि जाए जिससे वे अपना घर बनाने के अपने सपने को साकार कर सकें।

# सफाईकर्मियों की स्थायी अजीविका की कार्यशाला संपन्न



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सफाई कर्मचारियों को स्थायी अजीविका प्रदान करने के मकसद से एनएसकेएफडीसी (नेशलन एक्शन फॉर मैकेनाइज सैनीटेशन इकोसिस्टम) के तहत सेक्टर-39 स्थित सामुदायिक केन्द्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सफाई उपकरणों की खरीद के दौरान मिलने वाले रियायती ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता की जानकारी सफाई कर्मचारियों को दी गई।

एनएसकेएफडीसी के सहायक प्रबन्धक (परियोजना) कृष्ण कुमार भगत ने सफाई कर्मचारियों को स्थायी अजीविका प्रदान करने के मकसद से स्वच्छता संबंधी उपकरणों की खरीद एवं संचालन के लिए वित्तीय सहायता संबंधी सभी बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को बताया कि नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेन्स एवं डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन (एनएसकेएफडीसी) भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय के अधीन एक शीर्ष निगम है। इस संस्था द्वारा रियायती ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कार्यशाला में नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबन्धक (जल)आरपी सिंह ने सफाई कर्मचारियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का सफलतापूर्वक निराकरण किया। उन्होंने इस योजना के अन्तर्गत सफाई उपकरण प्रमुखत: सफाई बकेटिंग मशीन, जेटिंग मशीन, सक्शन मशीन, जैटिंग कम सक्शन मशीन, डीप सक्शन मशीन आदि को सीवर सफाई के लिए रियायती ब्याज पर क्रय करने के लिए विचार-विमार्श किया गया।

# एनईए ने दी डॉ. महेश शर्मा को जीत की बधाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लगातार तीसरी बार लोकसभा का चुनाव जीतने वाले सांसद डॉ. महेश शर्मा को बधाई दी गयी।

इस अवसर पर विपिन कुमार मल्हन ने कहा कि डॉ साहब की लोकप्रियता के कारण संपूर्ण उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मतों से विजयी हुए हैं। इससे पता चलता है कि गौतमबुद्धनगर में उनकी कितनी लोकप्रियता है।



इस अवसर पर एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वी.के.सेठ, पूर्व अध्यक्ष योगेश आनंद, पूर्व महासचिव प्रदीप मेहता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कोहली, धर्मवीर शर्मा, राजेन्द्र मोहन जिंदल, कोषाध्यक्ष एस.सी. जैन, सचिव राहुल नैयर, विरेन्द्र नरूला, राजन खुराना, कमल कुमार, मयंक गुप्ता, ब्रिज मोहन अरोड़ा, अनिल चैधरी, डी.के. इग्ले, सहित भारी संख्या में उद्यमी उपस्थित थे।

